डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

PG-5

सिनेमाः-दिल्ली का स्पेशल खाना देख कुछ यूं खिल उठा श्रीवल्ली का चेहरा देखिए क्या-क्या किया ऑर्डर

वर्ष -08 अंक -170 | प्रयागराज, सोमवार, 19 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान में समय पर ही होंगे आम चुनाव पीएम शहबाज ने की भाई नवाज शरीफ के साथ मैराथन बैठक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ देश में होने वाले अगले आम चुनाव को निर्धारित समय पर कराने पर सहमत हो गए हैं। स्थानीय मीडिया ने इस बात की जानकारी दी है। जियो

न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि शरीफ बंधुओं ने लंदन में एक बैठक की है, जहां दोनों नेताओं ने देश में होने वाले अगले आम चुनाव के बारे में बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की है कि वर्तमान गठबंधन सरकार अपना संवैधानिक कार्यकाल पूरा करेगी। बता दें कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लंदन में मौजूद हैं। इसी दौरान पीएम शहबाज ने अपने भाई नवाज शरीफ के साथ साढ़े तीन घंटे की लंबी बैठक की और देश से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने चार साल की मादा चीता का नाम 'आशा' रखा



(आधुनिक समाचार सेवा)
ग्वालियर। नामीबिया से शनिवार को कूनो नेशनल पार्क लाए गए चीतों में से चार वर्ष की मादा चीता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा नाम लारी मार्कर ने समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए कहा कि नामीबिया से आने वाले वर्षों में और अधिक चीते भारत भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि चीतों की निर्भर है कि हम जागरूक रहें। हम ही पृथ्वी को, खुद को और चीता को बचा सकते हैं। नामीबिया से चीते आने के बाद श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में सबसे पहले

दिया है। कूनो प्रबंधन के अनुसार यह मादा चीता जल्द ही प्रजनन योग्य हो जाएगी और यहां चीते की वंशवृद्धि होगी। इसीलिए पीएम मोदी ने इसे आशा नाम दिया है। कूनो प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही अन्य चीतों के नाम उनके स्वभाव के अनुसार रखे जाएंगे। लारी मार्कर नामीबिया से भारत तक चीतों को लाने में समन्वय करने वाली चीता संरक्षण कोष की कार्यकारी निदेशक आबादी बढ़ाने के लिए और अधिक संख्या में इन्हें लाना होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच भी इस दिशा में प्रयास जारी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि चीते को बचाने का अर्थ है, दुनिया को बदलना। भारत में 70 साल पहले चीते विलुप्त हो गए थे। उनके विलुप्त होने की वजह मानव रहे थे और अब उनका अस्तित्व भी मानव के हाथों में ही है। यह हम सभी पर पर्यटक के तौर पर देश के पूर्व चीफ जस्टिस शरद अरविंद बोबड़े पहुंचे। उन्होंने ही अफ्रीका से भारत चीते लाने की योजना पर लगी रोक हटाई थी। श्योपुर जिला प्रशासन का कहना है कि चीतों के क्वारंटाइन अवधि में होने के कारण पूर्व चीफ जस्टिस को बाड़े के पास नहीं जाने दिया गया। चीता देखने के लिए पर्यटकों को दो अक्टूबर तक इंतजार करना होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी भारतीय भाषाओं को दी गई राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता

(आधुनिक समाचार सेवा)
चेन्नई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 सभी भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा प्रधान ने विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के पथ प्रदर्शक बनने की भी अपील की। उन्होंने कहा, ठनीति अपने भविष्यवादी दृष्टिकोण और भारतीय लोकाचार में निहित है और भारतीय भाषाओं पर जोर देने के साथ वैश्विक

कि देश में वैश्विक स्तर पर समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने की ज्ञान क्षमता है। उद्यमिता और कौशल विकास मंत्रालय भी देख रहे प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ मातृभाषा के सकारात्मक प्रभाव को पहचानती है। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि तमिल सहित सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। नागरिक बनाने के लिए एक दार्शनिक दस्तावेज है।तमिलनाडु की कला और संस्कृति को समृद्ध बताते देते हुए, मंत्री ने कहा कि राज्य एक ऐसा समाज रहा है जिसने प्राचीन काल से कला, वास्तुकला, संगीत, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में चमत्कार किए हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, ओडिशा की तरह, वास्तुकला की उत्कृष्टता और भव्यता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी का तमिल संस्कृति और लोगों के प्रति बहुत सम्मान और आत्मीयता है।

माकपा महासचिव ने साधा भाजपा पर निशाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
हैदराबाद । माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने रविवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा और लोगों के अधिकारों की गारंटी के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर रखा जाना चाहिए। हैदराबाद लिबरेशन में भगवा पार्टी की भूमिक पीटीआई के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत करते हुए येचुरी ने कहा सत्ताधारी दल के राजनीतिक दोस्त होने के लिए आधिकारिक एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं किया जाता है। आपको भाजपा को राजनीतिक सत्ता और सरकारी नियंत्रण से दूर रखना होगा।'माकपा महासचिव ने कहा कि 25 सितंबर को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की रैली और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विभिनन्न नेताओं के साथ बैठकें धर्मनिरपेक्ष दलों को एक

कि हैदराबाद लिबरेशन में भगवा पार्टी की कोई भूमिका नहीं है और वह इतिहास को विकृत करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आगे एक प्रशन्न के उत्तर में कहा, 'यदि आप भारत को एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में बचाना चाहते हैं, यदि आप भारतीय संविधान की रक्षा करना चाहते हैं और लोगों को गारंटीकृत अधिकार प्रदान किए जाते हैं, यदि मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि साझा एजेंडे में लाने की पहल हैं।येचुरी ने बताया कि भाजपा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर हैदराबाद राज्य के अनुबंध पर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आना चाहती है। इसलिए वे इतिहास को विकृत कर रहे हैं और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दे रहे हैं। वामपंथी नेता के अनुसार, वे 17 सितंबर को निजाम के 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाते हैं।

महारानी एलिजाबेथ का अंतिम संस्कार



लंदन। ब्रिटेन की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। जिसमें 2,000 से ज्यादा मेहमान शामिल होंगे। महारानी का निधन 96 वर्ष की उम्र में 8 सितंबर को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में हो गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सेवा सुबह 11 बजे (लगभग 4 बजे आईएसटी) शुरू होने से पहले, महारानी के लंबे जीवन को याद करते हुए लगातार 96 मिनट तक घंटी बजाई जाएगी।

नीतीश कुमार को फिर लगा झटका दादरा-नगर हवेली और दमन एवं दीव से जदयू के नेता भाजपा में शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। नीतीश कुमार की पार्टी को एकबार फिर बड़ा झटका लगा है। दादरा-नगर हवेली और में शामिल हुए थे। भाजपा महासचिव तरुण चुग ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश से जदयू के 16 नेता रविवार को पार्टी में शामिल जदयू के अधिकांश विधायक भगवा पार्टी में शामिल हो गए और हाल ही में मणिपुर के 7 में से 5 विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया था।

दमन एवं दीव से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के 12 से अधिक नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। जदयू के नेता एवं स्थानीय निकायों में निर्वाचित सदस्य यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की यह तीसरी इकाई है, जिसके नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। इससे पहले, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश इकाइयों के जदयू नेता भाजपा हुए। इससे पहले सितंबर के पहले सप्ताह में मणिपुर में जनता दल (यूनाइटेड) के छह में से पांच विधायक भाजपा में शामिल हुए थे । मणिपुर जदयू के विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद, भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मणिपुर और अरुणाचल जैसे राज्य जदयू मुक्त हो गए हैं। विशेष रूप से, कुछ दिनों पहले ही अरुणाचल प्रदेश में बता दें कि 25 अगस्त 2022 को अरुणाचल प्रदेश के एकमात्र जदयू विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। जदयू विधायक टेची कासो के भाजपा में विलय के साथ ही भाजपा 60 विधानसभा सीटों (एमएलए) में से 49 पर काबिज हो गई है। जदयू के 9 पार्षदों में से 8 भाजपा में शामिल हो गए हैं । अब भाजपा पार्षदों की कुल संख्या 20 में से 18 है।

भारतीय सेना का कमाल, अब दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र यानी सियाचिन में एक बड़ी सफलता हासिल की है। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी

कोर सियाचिन सिगन्लर्स के अभूतपूर्व कदम से अब दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र यानी सियाचिन ग्लेशियर में भी इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। सियाचिन सिगन्लर्स ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर (19,061 फीट) पर सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा सक्रिय कर दी है। मालूम हो कि गौरतलब है कि भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर सियाचिन सिगन्लर्स दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालती है। इस बीच भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे पूर्वी कमान के मुख्यालय पहुंचे और ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया। भारतीय सेना की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक भारतीय सेना प्रमुख को क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा स्थितियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और सैनिकों के साथ बातचीत की। गौरतलब है कि भारतीय सेना सीमाओं पर अपनी तैयारियों को लगातार मजबूत कर रही है। भारतीय सेना सीमा से सटे इलाकों में इफ्रास्ट्रक्चर को भी लगातार विकसित कर रही है। इसके साथ ही आपरेशनल और रणनीतिक तैयारियों पर भी सेना का फोकस है। इसी कवायद के तहत भारतीय सेना ने घरेलू रक्षा उद्योग से यह बताने को कहा है कि आपातकालीन स्थितियों में वे किन महत्वपूर्ण उपकरणों की आपूर्ति कर करने में सक्षम हैं।

कन्हैयालाल की हत्या के आरोपियों ने की थी नेपाल भागने की तैयारी, बनाए थे दो प्लान

(आधुनिक समाचार सेवा)
उदयपुर। देशभर में चर्चित रहे उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपितों मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद की नेपाल भागने की वीडियो वायरल नहीं करते तो कुछ दिन उदयपुर में ही बिताते और बाद में नेपाल चले जाते। नेपाल जाने में उनको हैदराबाद का एक व्यक्ति मदद करता, जो उसी दावत-ए-इस्लामी जिले के भीम कस्बे में पकड़े गए। गौरतलब है कि 28 जून को उदयपुर के मालदास स्ट्रीट में सुप्रीम टेलर्स के संचालक कन्हैयालाल की धारदार हथियार से हत्या कर दी

तैयारी थी। एनआइए की जांच में यह जानकारी सामने आई है। इसके लिए उन्होंने दो प्लान तैयार किए थे। पहला प्लान, जिसमें वह राजसमंद होकर अजमेर पहुंचकर वहां एक दरगाह में ठहरने वाले थे और बाद में सड़क मार्ग के जरिये उत्तर प्रदेश और बिहार होते हुए नेपाल चले जाते। दूसरा प्लान यह था कि वह संगठन से जुड़ा था, जिससे ये दोनों आरोपित जुड़े थे। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में कन्हैयालाल हत्याकांड के दोनों मुख्य आरोपितों को लेकर उदयपुर आई एनआइए की टीम ने उक्त राज उजागर किया है। इसमें उसने बताया कि आरोपितों ने पहले प्लान पर काम किया, मगर वे राजसमंद गई थी। आरोपित मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद ने हत्या का वीडियो भी बनाया था। साथ ही हत्या की जिम्मेदारी लेने का भी वीडियो बनाया था। दोनों वीडिया इंटरनेट मीडिया पर वायरल किए थे। इस मामले में अब तक नौ आरोपितों को एनआइए गिरफ्तार कर चुकी है।

गुजरात में चुनाव आयोग की टीम ने लिया तैयारियों का जायजा, फीडबैक भी जाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। चुनाव आयोग के अधिकारियों की एक टीम ने गुजरात में आगामी विधानसभा चुनावों की और 18 सितंबर को जिला चुनाव अधिकारियों, जिला पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा

तैयारियों का जायजा लिया। चुनाव आयोग की नौ सदस्यीय टीम शुक्रवार से अहमदाबाद के तीन दिवसीय दौरे पर थी। गुजरात के मुख्य चुनाव अधिकारी पी भारती के साथ आयोग की टीम ने 17 बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने आगामी चुनावों के सुचारू संचालन के लिए सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में फीडबैक भी लिया। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने नोडल अधिकारियों सहित कानून व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने वाली विभिनन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। गृह, स्कूल शिक्षा, बिजली, दूरसंचार, सड़क और परिवहन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, उत्पाद शुल्क और राजस्व सहित राज्य सरकार के विभिनन्न विभागों के सचिवों के साथ भी बैठक की। आगामी चुनावों के सुचारू संचालन के लिए मिले फीडबैक पर चर्चा करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक भी की। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी, 2023 को समाप्त होगा। चुनाव आयोग इस अवधि के छह महीने के भीतर कभी भी चुनाव करा सकता है। माना जा रहा है कि चुनाव इसी साल के अंत में दिसंबर तक हो सकते हैं।

कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए आठ विधायकों से आज मिलेंगे पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गोवा के उन आठ विधायकों से मुलाकात करेंगे, जो हाल ही में कांग्रेस

छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत उन विधायकों को लेकर रविवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। राज्य में कांग्रेस के 11 में से आठ विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। सीएम सावंत सोमवार को भाजपा के इन नए आठ सदस्यों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। मीडिया से बात करते हुए सावंत ने कहा कि हम दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने आए हैं। कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए आठ विधायकों से आज मिलेंगे पीएम मोदी, सीएम प्रमोद सावंत भी रहेंगे मौजूद 19 एज् 2022 09:35 श्दह, 19 एज् 2022 09:53 गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और पीएम मोदी की फाइल फोटो कांग्रेस के पूर्व विधायक माइकल लोबो ने भाजपा ज्वाईन करने को लेकर कहा कि हमने पीएम मोदी और सीएम प्रमोद सावंत के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा में 2/3 के बहुमत से विलय किया है। भाजपा में शामिल होने के लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक दिगंबर कामत ने कहा था, 'मैं एक मंदिर गया, देवी-देवताओं से पूछा कि यह (भाजपा में शामिल होना) मेरे दिमाग में है, मैं क्या करूं भगवान ने कहा, तुम आगे बढ़ो, चिंता मत करो।'

यमुना नदी किनारे मिले 100 से अधिक मृत सूअर, पशुधन विभाग की टीम ने किया दफन

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। करेलाबाग और ससुर खदेरी नदी के किनारे ककरहा घाट तक 100 से अधिक मृत सुअरों के पड़े होने से लोगों में बेचैनी बढ़ गई है, इन लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंता सताने लगी है। वहीं इस नदी के पास रहने वाले लोगों ने मृत सुअरों का वीडियो बना लिया। इस वीडियो के सामने आने के बाद नगर निगम के अधिकारी सक्रिय हुए। पशुधन विभाग की टीम भेजकर सारी मृत सुअरों को इकट्ठा करा कर दफन करा दिया। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ का पानी घटने के बाद मृत सुअर अब दिखाई दे रही है। टीम लगातार नदियों के किनारे निगरानी रख रही है। नगर निगम के पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. अमृत राज ने बताया कि टीम वहां भेजी गयी थी और मृत सुअरों को जेसीबी गड्ढा खोदवाकर डिस्पोजल करा दिया गया है।उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाढ़ में बहकर मृत सुअरे यहां आई थी और अब पानी घटने के बाद दिखाई दी हैं।



सड़क पर खुलेआम गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

म्योराबाद चौराहे पर विवाद के बाद रिवाल्वर और डंडे निकले

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। म्योराबाद चौराहे पर छोटी सी बात पर रिवाल्वर और लाठी डंडे निकल गए। सड़क पर खुलेआम तीन युवकों ने जमकर बवाल काटा। एक युवक हाथ में रिवाल्वर लेकर खुद का बचाव करता दिखा तो दो युवक हाथ में डंडे लेकर गाली गलौज करते रहे। दोनों युवक रिवाल्वर लिए युवक को मारने के लिए उसको पकड़ रहे थे और उसकी रिवाल्वर छीनना चाह रहे थे। इसमें एक युवक आर्मी का भी बताया जा रहा था। सड़क पर जाम जैसी स्थिति होने के बाद किसी तरह लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया और मामला शांत कराया। लोग इस पूरी घटना का वीडियो बनाते दिखे और यह इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल होने लगा। इसमें एक युवक जो खुद की बचाव के लिए लाइसेंसी रिवाल्वर भले ही हाथ में लिया था लेकिन उसने सूझबूझ दिखायी। दूसरे दो युवक हाथ में डंडा लेकर उसे गाली देते रहे और सड़क पर गिरा दिए फिर भी वह युवक रिवाल्वर का इस्तेमाल नहीं किया, न ही कोई फायरिंग की। दोनों युवकों उसके सामने खड़े होकर उसे ललकारते रहे 'चलाओ गोली, हिम्मत हो तो मारो गोली'। यहां तक कि उसका रिवाल्वर छीनने का भी प्रयास करते रहे। जहां पर यह घटना हुई वहां से कुछ कदम दूर पर ही बेली पुलिस चौकी थी लेकिन पुलिस को इस घटना की भनक तक नहीं हुई।

नवरात्रि पर युवाओं को सेक्स तंत्र पर मचा बवाल, पुलिस ने आयोजक के खिलाफ दर्ज़ किया केस

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे में नवरात्रि के दौरान 'सेक्स तंत्र' को लेकर बवाल मच गया है। पुणे पुलिस ने उस शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है जिस पर सोशल मीडिया पर यह विवादित विज्ञापन शेयर करने का आरोप है। इसमें कहा गया था कि नवरात्रि स्पेशल कैंप का आयोजन होने जा रहा है। यह 3 दिन और 2 रात का 'सेक्स तंत्र' कोर्स है जो सत्यम शिवम सुंदरम फाउंडेशन की ओर से पुणे में आयोजित किया जाएगा। विज्ञापन के मुताबिक, ऑर्गेनाइजेशन ने नवरात्रि त्योहार के मौके पर युवाओं की सेक्स ट्रेनिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया था। इसमें कहा गया था कि रेसिडेंशियल कैंप के लिए 15,000 रुपये फीस होगी। 1-3 अक्टूबर के बीच होने वाले इस स्पेशल कैंप में अलग-अलग सेक्स टेकिन्क्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुणे पुलिस की सोशल यूनिट ने इस मामले पर संज्ञान लिया और विज्ञापन शेयर करने वाले आरोपी की पहचान रवि सिंह के तौर पर की है, जो यूपी के प्रयागराज का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, रवि सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर ऐसा विज्ञापन शेयर करने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

रेलवे स्टेशन के सामने मोबाइल और रुपये लूटे

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। रेलवे स्टेशन के सामने बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल और 54 सौ रुपये लूट लिया। मामले में खुल्दाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। करछना थाना क्षेत्र के रामगढ़ डीहा के रहने वाले सुशील कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका भतीजा आशीष कुमार पुत्र कृष्ण कुमार दिल्ली जाने के लिए प्रयागराज जंक्शन जा रहा था रेलवे स्टेशन के सामने बस स्टैंड के पास वह पहुंचा तो तीन बदमाशों ने उसे तमंचा सटा दिया और मोबाइल व रुपये लूटकर निकल भागे। खुल्दाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

इविवि में अवैध छात्रों का प्रवेश होगा प्रतिबंधित

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अवैध छात्रों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगेगा। इसके लिए अब विश्वविद्यालय प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य औचक जांच करेंगे। इविवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. हर्ष कुमार की ओर से जारी सूचना के अनुसार परिसर में आने वाले छात्र-छात्राएं शैक्षिक सत्र 2022-23 का परिचय पत्र अपने साथ आवश्यक रखें। जिन छात्रों का परिचय पत्र नहीं बना है वह फीस रसीद की मूल कॉपी रखे। औचक निरीक्षण के दौरान परिचय पत्र व फीस रसीद ने दिखाने पर छात्रों के ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



लालगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में 185 में 10 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सुना।सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं यथाशीघ्र शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 185 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 10 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 185 शिकायतों में से 70 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 50, विकास विभाग से 30, समाज कल्याण से 10, शिक्षा विभाग से 05 एवं 20 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रकरणों का यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये।उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अन्दर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज सौम्य मिश्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग दम्पत्ति को विवाह करने पर दिया जायेगा प्रोत्साहन पुरस्कार

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर स्वीकार किये जा रहे हैं। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र, जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होने बताया है कि इस योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार 15000 रूपये एवं महिला के दिव्यांग होने पर 20000 रूपये तथा यदि दम्पत्ति (पति-पतनी) दिव्यांग है तो 35000 रूपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। इच्छुक पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, सक्षम स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्न सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन पर सकते है। किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

02 गुण्डे हुए जिला बदर,01 व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 02 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना उदयपुर ग्राम कटरिया के अशोक कुमार कोरी पुत्र शिवराज व कपिल सिंह पुत्र दल बहादुर सिंह को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।इसके अलावा जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शती का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 01 व्यक्ति के शस्त्र लाइसेंस को जिला मजिस्ट्रेट ने निरस्त कर दिया है।उन्होंने थाना जेठवारा ग्राम सण्ड़वा खास के जगदीश बहादुर सिंह पुत्र लाल प्रताप सिंह के शस्त्र लाइसेंस रिवाल्वर को निरस्त कर दिया है।

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में शैलेष आईपीएस द्वारा तहसील सोरांव में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनता की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा का जिलामहामंत्री बनीं रंजना

(आधुनिक समाचार सेवा)
जसरा। प्रयागराज क्षेत्र के रेरा रोड स्थित गंगाधर पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा की जिलामहामंत्री रंजना भारती को बनाया गया। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान एवम जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने पदभार ग्रहण कराया। कहा कि महिला युवा शक्ति से ही सशक्त भारत का निर्माण हो सकता है। साथ मे सीमा गौतम, विमला देवी, संगीता देवी, कमलेश कुमार सोनी, कंचन देवी, सरोज देवी ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी के लिए ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज पासी, विद्यालय संरक्षक दशरथ लाल भारती, सुरेन्द्र सोनकर मंडल अध्यक्ष जसरा, चंद्रशेखर भारती, मनोज भारती, दिलीप पासवान, राकेश आदिवासी, सुरेश आदिवासी, सुरेश सोनकर, आशीष सोनकर, विकास भारती, बृजेन्द्र गौतम सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

भदोही में याकूबपुर के पंचायत सहायक की हत्या कर शव नदी में फेंका

(आधुनिक समाचार सेवा)
भदोही। भदोही में याकूबपुर के पंचायत सहायक की हत्या कर शव नदी में फेंका, ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ एफआइआर दर्ज की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। इसमें तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना का कारण चुनावी रंजिश बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने घटना स्थल का जायजा लिया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। भदोही के याकूबपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य माला देवी का पुत्र शशिकांत गांव में ही पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत था। रविवार को सुबह 5.30 बजे वह वाराणसी जाने के लिए घर से निकला था। दोपहर बाद एक शव तुलसीचक गांव के पास वरुणा नदी उतराया मिला। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। देखते ही देखते घटना स्थल पर बड़ी संख्या में गांव के लोगों की भीड़ गई। उसका हाथ-पैर बंधा था तथा चेहरे पर चोट के निशान थे पहचान होते ही गांव के लोगों इसकी जानकारी तत्काल मृतक शशिकांत के परिवार को दी। परिवार के लोग भी एक बारगी घटना को लेकर विश्वास नहीं कर रहे थे। उनका कहना था कि शशिकांत वाराणसी के लिए निकला है। वह जब घटना स्थल पर पहुंचे तो शव देख अवाक रह गए। आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश में उसके बेटे की हत्या कर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

याकूबपुर के पंचायत सहायक शशिकांत(25) की हत्या कर शव को रस्सी से बांध कर तुलसीचक गांव के पास वरुणा नदी में फेंक दिया। रविवार को दोपहर बाद नदी में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गईपिता शिवकुमार

यूपी में पूरी रणनीति के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी भाजपा

(आधुनिक समाचार सेवा)
भदोही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी 2024 का लोकसभा चुनाव पूरी रणनीति के साथ लड़ेगी और सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इसके लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही रणनीति बनाई जा रही है। यह बातें उन्होंने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बनने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर नेहरू हाल में प्रेस-प्रतिनिधियों से कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहाकि लोकसभा के उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर की सीटों पर मिली जीत की समीक्षा गहनता से कर ली गई है और आगे भी पार्टी सभी चुनाव पूरी दमदारी से लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। जीत दर्ज करने के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहाकि आगामी नगर निकाय के चुनाव में मेयर, अध्यक्ष व सभासद पद की सभी सीटों पर पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के साथ ही व्हीलचेयर स्टेशन अधीक्षक को किया गया भेट

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी। सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के साथ-साथ मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में वाराणसी मंडल पर शुक्रवार से आगामी 2 अक्टूबर,2022 तक ङ्घस्वच्छता पखवाड़ाङ्घ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी मंडल पर पखवाड़े के अंतर्गत आज शनिवार को स्वच्छ स्टेशन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के साथ ही व्हीलचेयर स्टेशन अधीक्षक को भेट किया। इस स्वच्छता पखवाड़े के क्रम में आज स्वच्छ स्टेशन दिवस के रूप में मनाया गया जिसमे नामित अधिकारीयों द्वारा ए1 एवं ए श्रेणी के स्टेशनों के अतिरिक्त बी एवं डी श्रेणी के स्टेशनों-बनारस, वाराणसी सिटी ,मऊ, गाजीपुर सिटी, सीवान ,बलिया, भटनी, आजमगढ़,खोरासनरोड, बेल्थरारोड एवं छपरा जं स्टेशनों पर व्यापक साफ-सफाईअभियान चलाकर क्लीन स्टेशन बनाने का प्रयास किया गया। इस दौरान स्वच्छ स्टेशन दिवस पर वाराणसी मंडल के नामित अधिकारीयों द्वारा उपरोक्त स्टेशनों पर प्लास्टिक का उपयोग निरुद्ध किया गया। स्टेशन परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्लास्टिक बोतलों और रैपर साफ किया गया। उक्त सभी स्टेशनों के प्रसाधनों ,सननागारों , स्टेशन की नालियों, स्टेशनसेक्शन के ट्रैकों,प्लेटफार्मों के ड्रेनेज, यात्री शौचालयों,पे एण्ड यूज एवं यात्री

हालों तथा सर्कुलेटिंग एरिया को प्लास्टिक परित्यक्तों से मुक्त कर सधन साफ-सफाई किया गया।इस दौरान नामित अधिकारियो एवं वरिष्ठ सुपरवाईजरों द्वारा गहन निरीक्षण करके गिले और सूखे कचरों के लिए पृथक कूड़ादान की उपलब्धता, सफाई कर्मचारियों की उपयुक्त वर्दी की उपलब्धता, स्टेशनों के प्लेटफार्मों को कचरा मुक्त करने, सफाई उपकरणों की क्रियाशीलता, वाटर बूथों पर पानी की निर्बाध सप्लाई एवं अबाध ड्रेनेज स्वच्छता के साथ सुनिश्चित की गई। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव हेतु डीसइंफेक्शन एवं सेनिटाइजेशन भी कराया गया। इस अभियान के दौरान आज वाराणसी सिटी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आलोक केशरवानी,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(ऑपरेशन) ए0 के0 श्रीवास्तव एवं मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पावर) द्वारा श्रमदान किया गया। इसके अतिरिक्त बनारस स्टेशन पर भी श्रमदान कर व्यापक साफ सफाई की गई । बनारस स्टेशन पर नमो सेना इंडिया वाराणसी द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 10 अदद व्हील चेयर बनारस स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक को भेट किया गया। इसके अतिरिक्त ठक्लीन स्टेशनठ के तहत सीवान जंक्शन स्टेशन पर स्टेशन एरिया ,पार्किंग एरिया , ट्रेक , फूट ओवर ब्रिज, डस्टबिन की सफाई , वेसेबल एप्रेन की सफाई ,जल निकासी, सर्कुलेटिंग एरिया,वाटर बूथ ,स्टेशन स्थित कुर्सी और बेंच सहित समस्त स्टेशन की सफाई विषेश रूप से कराया गया।सीविल सोसायटी के सोसाइटी हेल्पर ग्रुप सीवान ने विषेश सफाई अभियान में भाग लिया और सफाई के प्रति पैसेंजर को जागरुक किया। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार यात्रियों से स्टेशनों पर स्वच्छता कायम रखने के परिप्रेक्ष्य में फीड बैक भी लिया गया और उनको यात्रा के दौरान स्टेशनों एवं गाड़ियों में गंदगी फैलाने से होने वाली बीमारियों यथा कोरोनॉ, डेंगू,मलेरिया और संक्रमण वाली बीमारियों के प्रति सचेत होकर स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहकर अन्य यात्रियों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक करने का सन्देश दिया। इस अभियान के दौरान स्टेशन परिसरों में पोस्टर/बैनर/प्रभात फेरी आदि के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता फैलाई जा रही है तथा जन सूचना प्रणाली के माध्यम से लगातार यात्रियों को यात्रा के दौरान स्टेशनों एवं गाड़ियों में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर अन्य यात्रियों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक करने की अपील जा रही है।

प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

क्र0सं0	ट्रेड का नाम	ट्रेड की अवधि	योग्यता
1.	कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर)	1 वर्ष	12वी पास
2.	फिटर	2 वर्ष	10वी पास
3.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	6 माह	10वी पास
4.	फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी	6 माह	8वी पास
5.	सेक्योरिटी सर्विस	6 माह	8वी पास
6.	कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली	1 वर्ष	10वी पास
7.	सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन	1 वर्ष	10वी पास
8.	इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स	1 वर्ष	8वी पास
09.	रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग	1 वर्ष	8वी पास
10.	योगा असिस्टेन्ट	1 वर्ष	10वी पास
11.	वेल्डिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	8वी पास
12.	कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स	1 वर्ष	10वी पास

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सक्ता है।
   नोटः आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 30 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

लकड़ी काटने गए दो युवको की आकाशीय बिजली के चपेट मे आने से हुआ मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
(चोपन) सोनभद्र। थाना क्षेत्र के बेलछ के मंगलेश्वर पहाड़ी पर बीती रात बीती शुक्रवार को लकड़ी काटने गए दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक चोपन लक्ष्मण पर्वत ने बताया की मेवा लाल पुत्र जयराम उम्र25, रमाशंकर पुत्र राजकुमार उम्र 20 वर्ष ,निवासी बेलछ टोला टेकमा थाना चोपन लकड़ी काटने के लिए बीते शुक्रवार को मंगलेश्वर पहाड़ी पर गए थे जहाँ वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।आज घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच कर दोनों शवों पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजने की कार्यवाही की जा रही है ।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर राज्यमंत्री ने किया कंबल का वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा).
(डाला) सोनभद्र। समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने अपने डाला स्थित निजी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिवस पर कंबल वितरण कार्यक्रम किया । बताते चलें कि समाज कल्याण राज्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन पर कंबल वितरण कार्यक्रम में 72 जरूरतमंद लोगों को कंबल देकर दीर्घायु होने की कामना की गई इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री के 72 वें जन्म दिवस पर देश में सेवा सप्ताह मनाने का निणर्य लिया गया है राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए निणर्य के मुताबिक भारती जनता पार्टी के कार्यकर्ता विभिनन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की सेवा कर सेवा सप्ताह मना रहे हैं इस अवसर पर डाला व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश जैन, गुड्डू ,टाटा चौधरी व चोपन प्रमुखया लीला देवी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

पोलियो से मुक्त करने के लिए 317939 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जन जागरूकता रैली शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर से निकाली गई। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएमओ डा. रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि जनपद को पोलियो मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत सभी बच्चों की सूची बूथ पर रखी जाएगी। बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर शत प्रतिशत प्रतिरक्षित करें। शून्य से पांच वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर दवा पिलाना है।

एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आस्था एवं भक्ति भाव से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र।एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य संयंत्र स्थित सेवा भवन उद्यान में भगवान विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा वनिता समाज, श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अन्य महाप्रबंधकगण एवं वनिता समाज सदस्याओं द्वारा विश्वकर्मा पूजन, हवन एवं आरती की गयी। तदुपरान्त सभी उपस्थित जनों में प्रसाद वितरण के साथ विश्वकर्मा पूजा का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के टाउनशिप सिविल विभाग, कर्मचारी विकास केंद्र, मानव संसाधन विभाग, एमजीआर एवं अन्य विभिनन विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री बिभास घटक, महाप्रबंधक (एफजीडी, टीएस एवं प्रोजेक्ट), श्री एके सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्रीमती रंजू सिंह, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, श्रीमती शुभ्रा घटक, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, श्री बिजोय कुमार सिकदर, मानव संसाधन विभाग प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोशिएशन के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ब्लाक प्रमुख द्वारा नमो प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन

(आधुनिक समाचार सेवा).
(डाला) सोनभद्र। स्थानीय नगर क्षेत्र के डाला बाजार में स्थित तिवारी कटरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख लीला देवी गोंड़ द्वारा किया गया । शनिवार के शाम डाला बाजार में स्थित तिवारी कटरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्म दिवस के अवसर पर नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी गोड़ ने किया । मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे ने बताया कि नमो प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 19 सितंबर तक किया जाएगा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोष कुमार बबलू, मनीष तिवारी, संदीप सिंह मोनू ,राजू शुक्ला, महेश सोनी ,रिंकू द्विवेदी, रमाशंकर पासवान, राजेश्वर तिवारी ,सोनू , सदन साहू , रिशु जायसवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में जंगलों में की गयी सघन काबिंग

(आधुनिक समाचार सेवा).
(डाला) सोनभद्र। हाथी नाला क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना हाथीनाला पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेलहत्थी व जोगीडीह के जंगलों में की गयी सघन काम्बिंग -ङ जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सदर राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा मय पीएसी बल थाना क्षेत्र ग्राम बेलहत्थी व जोगीडीह के जंगलों में मय पीएसी सघन कॉम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।

आदिशिल्पी का अगाध श्रद्धा से पूजन-अर्चन समपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
(अनपरा) सोनभद्र। हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर स्थित पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर संगमरमर से निर्मित दिव्य आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार एवं घंटे घड़ियाल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी, तथा उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा आदिशिल्पी की जय, विश्वकर्मा भगवान की जय के गगनभेदी उद्घघोषों से पूरा पंडाल गूँज उठा। तत्पष्चात हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव सपतनेक द्वारा शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन हवन एवं आरती, किया गया। उक्त पूजा वरिष्ठ पंडित मनोज पाण्डेय द्वारा कराया गया, पुजारी ने बताया कि हिंदू धर्म मे आदिशिल्पी विश्वकर्मा भगवान को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है तथा कार्य एवं श्रम के देवता होने के कारण औदयोगिक क्षेत्र मे विशेष स्थान प्राप्त है । संस्थान मे कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा, संमृद्धि एवं हिण्डालकों रेनूसागर पावर डिवीजन, के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना के साथ व्यालर मेंटीनेंस, टरवाईन मेंटीनेंस, संचालन, सिविल बिभाग, एरियल रोपवे एवं सी.एच.पी. कैंटीन सहित विभिन्न विभागों में भी आदि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव बड़े ही उत्साह से किया गया। तदोपरान्त उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू यादव, संजय सिंह, शैलेश विक्रम सिंह, गुलसन तिवारी , सुदिप्ता नायक, अनिल सिघानिया, परेश ढोले, मनीष सिंह, मनु अरोरा, समीर आनंद, राम जतन गुप्ता, राजेश सैनी, संदीप यावले, कैप्टन रोहित फरासी, सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं श्रम संगठनों के मान्यता प्राप्त पदाधिकारी मौजूद रहें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणुसागर पावर डिवीजन के सभी विभागाध्यक्षों के अलावा गोपाल मुखर्जी व टीम का विशेष योगदान रहा।

विकासखंड चोपन ग्राम पंचायत कोटा के अंतर्गत चुनियार टोला मे विगत एक वर्ष से हैंडपंप खराब है

हैंडपंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन पीना पड़ रहा है गंदा पानी

(आधुनिक समाचार सेवा).
(डाला) सोनभद्र। ग्राम पंचायत कोटा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मे स्थित चुनियरा टोला मे लगभग 35 घरो के बीच मे दो सरकारी हैंडपंप लगे हैं जिसमें एक हैंडपंप से गंदा पानी निकलता है जो पीने योग्य नहीं है और दूसरा हैंडपंप विगत लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है मजबूरन ग्रामीणों को दूसरे हेडपंप से निकल रहे गंदा पानी पीना पड़ रहा है जो बिल्कुल पीने योग्य पानी नहीं है । जिसको पीने उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है और बीमारी की भी आशंका बनी हुई है । बताते चलें कि विकासखंड चोपन व ग्राम सचिवालय कोटा दोनो स्थलों से लगभग 12 किलोमीटर पर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मे स्थित चुनियरा टोला और आसपास के पांच गांव को गोद लेकर विकास कार्य का दावा करने वाली अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री भी लगभग 3 किलोमीटर पर स्थित फिर भी चुनियरा में लगभग दो माह से 16 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 35 घरो के लोग अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहे है और वही पर लगे दो हैंडपैप मे एक लगभग 1 वर्ष से खराब है दूसरे हैंड पंप से गंदा पानी निकल रहा है जिसको मजबूरी में ग्रामीण पीने को विवश है जिससे उनको बीमारी का भी खतरा बना हुआ है । पानी और बिजली जैसी मूल सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए समस्या का समाधान किए जाने की मांग की प्रदर्शन में मुख्य रुप से इंद्रदेव, लाल बहादुर, लाल सिंह, मुनिया, कलावती, सुदेवी,सोनी, राजकुमारी, रिंकी , बिफनी,मुनिया देवी , वासुदेव, सुखराज, घर्मू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

नव्य काशी का हुआ विस्तार तो शामिल होगा मीरजापुर का चुनार

(आधुनिक समाचार सेवा)
मीरजापुर । लगातार बढ़ रही जनसंख्या के दृष्टिगत अब काशी के विस्तार की संभावनाएं तलाश की जा रही हैं। नव्य काशी की परिकल्पना के प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चुनार विधायक अनुराग सिंह ने उनके कार्यालय में भेंट की। विधायक ने नव्य काशी के प्रस्ताव संबंधी बुकलेट व डिजिटल सामग्री मुख्यमंत्री को सौंप कर काशी के विस्तार में योगीराज भर्तृहरि की पावन नगरी के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि गंगा के किनारे चुनार से काशी तक आधारभूत विकास किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने उनके प्रस्ताव को सराहनीय बताते हुए विचार किए जाने का आश्वासन दिया है। साथ ही विधायक ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को भी प्रस्ताव की कापी सौंप कर उनसे भी विस्तृत चर्चा की।विधायक अनुराग सिंह ने मुख्यमंत्री को दिए प्रस्ताव में बताया कि दिल्ली-हावडा रेल मार्ग, हल्दिया-प्रयागराज गंगा जलमार्ग और दिल्ली-कोलकाता राजमार्ग की दृष्टि से भी चुनार काशी का सबसे नजदीकी स्थल है। ऐसे में ढांचागत विकास करने के साथ ही आवासीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और औदयोगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भी आसानी होगी। इसमें चुनार में स्थित प्रचुर मात्रा में पठारी लैंडबैंक काफी सहयोगी होगा।

बयान देने को लेकर जडेजा ने कोच और कप्तान को चेताया

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम में इस वक्त क्या चल रहा है इसकी चिंता सभी को है। आइसीसी टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारत के एशिया कप में जबरदस्त हार मिली। वैसे ये चीज भारतीय क्रिकेट के लिए नई नहीं है। इस चीज से बचा जा सकता है। मुझे इस बात का भरोसा है कि कप्तान और कोच के बीच बातें साझा जरूर की जाती होगी लेकिन जरूरी कि ये सारी आकर सफाई देने की जरूर महसूस नहीं होनी चाहिए।देखिए जीत और हार तो खेल का हिस्सा होता है लेकिन टीम कॉम्बिनेशन को लेकर कभी भी किसी तरह का कोई कन्फ्यूजन नहीं होना चाहिए। ऐसी

पाकिस्तान और श्रीलंका से सुपर फोर की हार ने टीम के टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पूर्व क्रिकेटरों ने अति प्रयोग को टीम की हार का कारण बताया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कप्तान और कोच को मीडिया में बयान देते वक्त सतर्क रहने की सलाह दी है। जडेजा ने ऐग्म्र्लै पर कहा, ठआपको ये जो प्रोसेस है इसे जारी रखना होगा लेकिन अगर जो नतीजे मिलने के बाद भी इस तरह से लोगों को बाहर करेंगे और बदालव जारी रहेगा तो फिर कन्फ्यूजन पैदा होगा। चीजें मीडिया से सामने भी खुलकर रखी जाए। ऐसा तो नहीं है कि हम कभी कप्तान ही नहीं रहे या फिर हमने कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की हो। कभी कभी आपको कुछ चीजों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताना होता क्योंकि वो बातें महत्वपूर्ण हो सकती हैं। लेकिन आपकी टीम के यह पता होना चाहिए कि ये सभी बातें क्यों बताई गई हैं। टीम के अंदर की जाने वाली बातें और सभी के बीच का रिश्ता बेहद मजबूत होना चाहिए। टीम के खिलाडि़यों को किसी भी चीज को प्रेस के सामने बातें नहीं कही जानी चाहिए कि 'हम कुछ नया आजमा रहे हैं' या और इसी तरह की मिलती जुलती बातें। आपके इस बात को समझना होगा कि ये सभी खिलाड़ी हैं और इनका भी परिवार है। जब इस तरह की चीजें वो पढ़ते हैं तो कुछ चीजें उनके अंदर भी चलने लगती हैं। जब मीडिया के सामने कोच और कप्तान बयान देते हैं तो उनको उन सब चीजों का ध्यान रखना चाहिए। भले ही टीम के अदंर आप जितनी चाहे उतनी चर्चा कर लीजिए।

काउंटी क्रिकेट के बीच प्रीमियर लीग का मैच देखने पहुंचे शुभमन गिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। शुभमन ने अपने काउंटी करियर की अच्छी शुरुआत करते हुए वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 92 रन बनाए थे। हालांकि, मिडलसेक्स के खिलाफ उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, स्टैमफॉर्ड ब्रिज स्टेडियम चेल्सी का घरेलू मैदान है। शुभमन ने अपने काउंटी करियर की अच्छी शुरुआत करते हुए वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 92 रन बनाए थे। हालांकि, मिडलसेक्स के खिलाफ उनका

क्योंकि वह केवल 22 और 11 रन ही बना सके। भारत के स्टार बैटर शुभमन गिल इन दिनों काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए लंदन में हैं। वह ग्लैमॉर्गन टीम की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप खेल रहे हैं। इस टूर्नामेंट के बीच शुभमन इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच देखने पहुंचे। प्रीमियर लीग इंडिया द्वारा ट्वीट की गई एक तस्वीर में शुभमन स्टैंड से चेल्सी के लिए चीयर करते दिख रहे हैं। प्रीमियर लीग इंडिया ने कैप्शन में लिखा- स्टैमफॉर्ड ब्रिज में नजर आए शुभमन। इस फोटो में शुभमन चेल्सी फुटबॉल क्लब की ब्लू जर्सी में नजर आ रहे हैं। प्रदर्शन निराशाजनक रहा, क्योंकि वह केवल 22 और 11 रन ही बना सके।शुभमन ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच के दौरान अपना बहुप्रतीक्षित पहला अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया। वह भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाजों में से एक हैं और कई पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें भारतीय क्रिकेट में आने वाले समय का बड़ा खिलाड़ी बताया है। वहीं, कई पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें भविष्य का कप्तान भी बताया है। वह इस साल की शुरुआत में आईपीएल 2022 का खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे।

विराट कोहली ने 'स्पेशल कैप' के साथ शेयर की तस्वीर

माइकल जॉर्डन के शिकागो बुल्स को दिया ट्रिब्यूट

(आधुनिक समाचार सेवा)



नई दिल्ली। विराट कोहली क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं, लेकिन वह अन्य खेलों को भी उतना ही पसंद करते हैं। उन्हें फुटबॉल और टेनिस भी काफी पसंद है। रोजर फेडरर के साथ उनकी एक तस्वीर भी सामने आई थी। अब शुक्रवार को कोहली ने खिताब जीते थे। उस बुल्स टीम को अब तक की सबसे महान टीमों में से एक माना जाता है। जॉर्डन के अलावा, टीम में स्कॉटी पिपेन और डेनिस रोडमैन जैसे अन्य लोग भी शामिल थे और उन्हें महान फिल जैक्सन द्वारा ट्रेनिंग दी गई थी।90 के दशक में शिकागो बुल्स के प्रभुत्व के युग को 'द लास्ट डांस' सीरीज मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया। नवंबर 2019 के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक था। इस तरह उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 71 शतक भी पूरे कर लिए और सबसे ज्यादा शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बरारबरी की। अब वह

बास्केटबॉल के प्रति अपना प्यार भी दिखाया। कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी साझा की, जिसमें वह एनबीए टीम शिकागो बुल्स की टोपी पहने नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में विराट ने लिखा- क्या किसी को 90 के दशक के बुल्स याद हैं? उन्होंने टीम के सबसे महान युग का जिक्र करते हुए फोटो को कैप्शन दिया। महान एथलीट माइकल जॉर्डन के नेतृत्व में शिकागो बुल्स ने 1990 के दशक में छह चैम्पियनशिप में अच्छी तरह से दिखाया गया है। कोहली ने क्रिकेट से एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद हाल ही में एशिया कप में एक्शन में वापसी की थी। लंबे समय तक खराब फॉर्म से जूझने के बाद कोहली ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, भारतीय टीम पाकिस्तान और श्रीलंका से हार के बाद सुपर फोर राउंड से बाहर हो गई थी। कोहली ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक लगाए और फिर अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी सचिन तेंदुलकर से बस 29 शतक पीछे हैं। कोहली अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में नजर आएंगे। इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेंगे। उन पर एक बार फिर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद होगी। वहीं, वह इस फॉर्म को अगले महीने होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भी जारी रखना चाहेंगे। इस साल टी-20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। भारतीय टीम अपने पहले मैच में पाकिस्तान से 23 अक्तूबर को भिड़ेगी।

युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ शेयर किया रोमांटिक वीडियो, दोनों ने साथ गुजारे कुछ बेहतरीन पल याद किए

(आधुनिक समाचार सेवा)



नई दिल्ली। एशिया कप में टीम इंडिया का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। भारतीय टीम सुपर फोर राउंड में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। हालांकि, इस धनश्री ने हाल ही में अपने पैर का ऑपरेशन करवाया है। इसी वजह से चहल ने ये वीडियो पोस्ट किया। दोनों ने दिसंबर 2020 में शादी की थी। धनश्री एक यूट्यूबर और डांस कोरियोग्राफर हैं और सोशल मीडिया पर उनके

टूर्नामेंट में स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अपने लगातार दो ओवर में तीन विकेट चटकाए थे और टीम इंडिया की वापसी करा दी थी, लेकिन आखिरी के कुछ ओवरों में भारतीय टीम मैच हार गई। अब चहल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले ब्रेक पर हैं। इस दौरान उन्होंने पतनी धनश्री वर्मा के साथ एक रोमांटिक वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने धनश्री का ओपनी ताकत बताया है। सोशल मीडिया पर ये कपल अपनी रील और पोस्ट की वजह से काफी पॉपुलर है। दोनों अक्सर वीडियो पोस्ट करते हैं जहां उन्हें एक साथ डांस करते देखा जा सकता है। काफी फॉलोअर्स हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर स्टार कपल के तलाक की अफवाहों का दौर चला था। हालांकि, पहले चहल और बाद में धनश्री ने अपने प्रशंसकों से इस तरह की अफवाहें न फैलानी की अपील की थी। चहल ने एशिया कप के दौरान चार मैचों में चार विकेट लिए थे। उनकी 7.93 की इकोनॉमी थी। हालांकि, अब एक बड़ी सीरीज उनका इंतजार कर रही है। टीम इंडिया अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए तैयारी कर रही है। उससे पहले भारतीय टीम 20 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और 27 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 सीरीज खेलेगी।

विराट कोहली के बल्लेबाजी क्रम को लेकर गंभीर का बयान, अब ये बकवास बातें शुरू मत कर देना फिर से

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने हाल ही में एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार दोबारा से शुरू ना कि ओपनिंग करनी चाहिए। वह पारी की शुरुआत नहीं कर सकते हैं जब तक केएल राहुल और रोहित शर्मा टीम में उपलब्ध हैं। मैंने इसको लेकर विकेट गिर जाते हैं फिर विराट कोहली तो भेजना चाहूंगा।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन ने कहा, मैं विराट कोहली को नंबर तीन पर देखना

शतकीय पारी खेली। वह पिछले तीन साल के इस एक बड़ी पारी के इंतजार में थे। खराब फॉर्म से जूझ रहे इस पूर्व कप्तान की आलोचना हो रही थी और इस पारी के बाद अब उनको ओपनिंग पर भेजने की चर्चा शुरू हो गई है। पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने इस बारे में अपना राय दी है। गंभीर ने पर कहा, अब उनके (विराट कोहली) बारे में इस बेकार की चर्चा को पहले भी टीवी पर यह कहा है कि इस चर्चा को शुरू करने की जरूरत ही नहीं। विराट कोहली के बल्लेबाजी क्रम पर आगे गंभीर का कहना था, मैं बल्लेबाजी क्रम में तीन नंबर को लेकर हमेशा ही फ्लेक्सेबल रहना चाहता हूं। अगर जो ओपनर 10 ओवर तक बल्लेबाज कर लेते हैं तो फिर मैं सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना पसंद करूंगा। यही जो मैच में जल्दी पसंद करूंगा। वह स्ट्राइक को बदल सकते हैं, वह विकटों पर बहुत ही कमाल दौड़ लगाते हैं। वह पारी को पूरी तरह से नियंत्रण में रखते हैं। उनको स्पिनर से थोड़ी चुनौती जरूर मिलती है लेकिन वह तेज गेंदबाजी को बहुत ही अच्छा खेलते हैं। मुझे तो ऐसा लगता है कि टॉप के चार बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से फिक्स हो चुके हैं।

न्यूजीलैंड के पूर्व महान स्पिनर ने बताया- क्यों ऑस्ट्रेलिया में एक्स फैक्टर बन सकते हैं अश्विन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी जो लीजेंड्स क्रिकेट लीग खेलने भारत पहुंचे हैं, उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि अश्विन टेस्ट में असाधारण रहे हैं। विटोरी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में गुजरात जाएंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज स्पिनर डेनियल विटोरी को लगता है कि रविचंद्रन अश्विन का कहीं भी तेजी से ढल जाने की क्षमता और ऑस्ट्रेलिया के कंडीशन की जानकारी होना टी-20 वर्ल्ड कप में उनकी मदद कर सकता है। जब तेज और उछाल वाली पिचों की बात आती है, तो स्पिन गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं होते हैं। ऐसे में भारत ने अक्तूबर-नवंबर में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अश्विन, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर्स को चुना है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी जो लीजेंड्स क्रिकेट लीग खेलने भारत पहुंचे हैं, उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि अश्विन टेस्ट में असाधारण रहे हैं। 43 वर्षीय विटोरी ने कहा- अश्विन उन लोगों में से एक हैं जो समझते हैं कि उन्हें किस स्थिति में क्या करना है। मुझे लगता है कि अगर वह प्लेइंग-11 में चुने जाते हैं तो उन्हें पता होगा कि उस स्थिति में कैसा प्रदर्शन करना है। वह कई बार ऑस्ट्रेलिया गए हैं। विटोरी ने कहा कि रवींद्र जडेजा के चोटिल होने से अश्विन आगामी टी20 विश्व कप में स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की

जगह ले सकते हैं। विटोरी ने कहा- भारत के पास स्पिन गेंदबाजों की भरमार है। अच्छी बात यह है कि ज्यादातर स्पिनर ऑलराउंडर हैं और साथ ही मुझे लगता है कि यह अश्विन को बाकियों से अलग करता है और टीम को एक अच्छा संतुलन देता है। पूर्व बाएं हाथ के स्पिन दिग्गज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में एक स्पिनर के लिए सफलता की कुंजी अधिक टॉप-स्पिन गेंदबाजी करना और उछाल प्राप्त करना है। इसी तरह से नाथन लियोन घरेलू मैदान पर सफलता पाते हैं। विटोरी ने कहा- नाथन लियोन जैसे गेंदबाज अपनी सीम रिलीज के कारण इतने सफल रहे हैं। यह लगभग एक टॉप-स्पिन रिलीज है और उससे ही लियोन उछाल प्राप्त करते हैं। उपमहाद्वीप में आप विकेट पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में सफलता की कुंजी, शायद साइड स्पिन की तुलना में अधिक टॉप स्पिन प्राप्त करने की क्षमता है। उपमहाद्वीप में साइड स्पिन का ज्यादा महत्व है। स्पिन गेंदबाजी विभाग में भारत के भविष्य के बारे में बात करते हुए विटोरी ने कहा- जब टीम में अश्विन और जडेजा जैसा बड़ा गेंदबाज हो जो कि टेस्ट में सफल रहे हैं और तीनों फॉर्मेट में खेलने की क्षमता है, तो युवा स्पिनर वैसा ही बनना चाहते हैं। मैं आने वाले युवाओं के बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता, क्योंकि जिन खिलाडि़यों का मैंने जिक्र किया है, उनके कारण भारतीय स्पिन आने वाले समय में भी अच्छे हाथों में है।विटोरी ने कहा- रवि बिशनेई, राहुल चाहर भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में आए हैं। इसलिए जब वे दबाव की स्थिति में भारत के लिए खेलते हैं तो वे सफल होने के लिए तैयार होते हैं। विटोरी लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे संस्करण में वीरेंद्र सहवाग के नेतृत्व वाले गुजरात जाएंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एशिया कप चैंपियन श्रीलंका ने वर्ल्ड कप के लिए किया टीम का एलान, चांदीमल को किया बाहर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज दिनेश चांदीमल को स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया है। वह एशिया कप की टीम में शामिल थे। वहीं, तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा की टीम में वापसी हुई है। दासुन शनाका ही टीम की कमान संभालेंगे। एशिया कप 2022 विजेता श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का एलान कर दिया है। दिग्गज बल्लेबाज दिनेश चांदीमल को स्क्वॉड से बाहर कर दिया गया है। वह एशिया कप की टीम में शामिल थे। वहीं, तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा की टीम में वापसी हुई है। दासुन शनाका ही टीम की कमान संभालेंगे। इसके अलावा ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं जो एशिया कप में खेले थे। तेज गेंदबाज चमीरा और लाहिरु कुमारा को उनके फिटनेस के आधार पर जगह दी गई है। टूर्नामेंट से पहले उनका फिटनेस टेस्ट होगा। दोनों चोट की वजह से एशिया कप से बाहर थे। हालांकि, इसके बावजूद टीम की गेंदबाजी एशिया कप में सबसे मजबूत दिखी थी। युवा तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन और दिलशान मदुशंका ने शानदार स्विंग गेंदबाज का प्रदर्शन किया था। वहीं, एशिया कप टीम में शामिल असिथा फर्नांडो और मथिशा पथिराना को टीम से बाहर कर दिया गया है।बल्लेबाजों में चांदीमल के अलावा अशेन बंदारा, नुवानिडू फर्नांडो और स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा को भी टी-20 वर्ल्ड कप की टीम से बाहर किया गया है। इन चारों को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। इसके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो भी रिजर्व खिलाड़ी होंगे। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए श्रीलंकाई टीमः दासुन शनाका (कप्तान), भानुक राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, दानुष्का गुणातिलाका, धनंजय डी सिल्वा, दुष्मंथा चमीरा (फिटनेस के आधार पर), पाथुम निसांका, वानिंदु हसरंगा, लाहिरु कुमारा (फिटनेस के आधार पर), कुसल मेंडिस, महेश तीक्ष्णा, दिलशान मदुशंका, चरिथ असलंका, जेफ्रे वेंडर्से, प्रमोद मदुशन।

राशिफल

मेष-: स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

वृष-: आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

मिथुन-: आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

कर्क-: जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

सिंह-: आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

कन्या-: आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

तुला-: किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

वृश्चिक-: आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

धनु-: आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

मकर-: खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

कुंभ-: आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

मीन-: आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़

सम्पादकीय

सवालों के बीच गुजरती भारत जोड़ो यात्रा, इसके जरिये कोई नया विमर्श नहीं खड़ा कर पा रहे हैं राहुल गांधी

कन्याकुमारी, तमिलनाडु से शुरू हुई कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' फिलहाल केरल में है। वाम दलों द्वारा शासित इस राज्य में यह यात्रा करीब 18 दिन रहेगी। ज्ञात हो कि केरल की वायनाड लोकसभा क्षेत्र से राहुल गांधी सांसद हैं। 20 लोकसभा सीटों वाले केरल की राष्ट्रीय राजनीति में वैसी अहमियत नहीं, जैसी कहीं अधिक सीटों वाले उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल आदि की है। यह यात्रा चुनाव वाले राज्यों हिमाचल और गुजरात से भी नहीं गुजर रही है। अब यह कहा जा रहा है कि यह यात्रा पूरी हो जाने के बाद उसका दूसरा चरण गुजरात से शुरू होगा। इसका अर्थ है कि यह काम करीब पांच माह बाद होगा। भारत जोड़ो यात्रा केरल में तो 18 दिन रहेगी, लेकिन 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में चार-पांच दिन। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं और सबसे पहला सवाल केरल सरकार का नेतृत्व कर रही माकपा ने उठाया। उसने इसे सीट जोड़ो यात्रा करार दिया, जिसके जवाब में कांग्रेस ने उसे भाजपा की बी टीम बता दिया। ध्यान रहे कि माकपा के साथ मिलकर कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनाव लड़ा था। एक समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस का गढ़ था। नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी यहीं से चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने, लेकिन लगता है कि कांग्रेस इस राज्य में अपने लिए कोई उम्मीद नहीं देख रही है। भारत जोड़ो यात्रा का उत्तर प्रदेश में केवल चार-पांच दिन का सफर कांग्रेसजनों के लिए भी आश्चर्य का विषय है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश की मानें तो इस यात्रा का उद्देश्य पार्टी को मजबूती देना है, न कि विपक्षी एकता को बल देना, लेकिन वह इसकी अनदेखी कर रहे हैं कि कांग्रेस अपने बूते कितनी भी मजबूती पा ले, बिना गठबंधन वह कोई छाप नहीं छोड़ पाएगी। जयराम रमेश का यह भी मानना है कि यदि कांग्रेस मजबूत होगी तो विपक्षी दल खुद उसके साथ आ जाएंगे, पर यह भी उनकी एक भूल ही है, क्योंकि अधिकांश भाजपा विरोधी दल उसकी कमजोरी का लाभ उठाकर उसके ही वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं। कांग्रेस इसीलिए कमजोर हुई, क्योंकि वह क्षेत्रीय दलों को साथ लेने के फेर में अपनी राजनीतिक जमीन उनके लिए छोड़ती गई। कांग्रेस भले ही यह कहे कि इस यात्रा का उद्देश्य पार्टी को मजबूती देना है, लेकिन लगता यही है कि इसका मकसद राहुल गांधी का कद बढ़ाना है। भारत जोड़ो यात्रा को शुरू हुए अभी दस दिन ही हुए हैं, लेकिन वह कई विवादों से दो-चार हो चुकी है। एक विवाद नफरती बयान देने वाले पादरी से राहुल की मुलाकात से उभरा और दूसरा कांग्रेस की ओर से आरएसएस के गणवेश को आग लगाते हुए ट्वीट से। इस ट्वीट से यही स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस भारत जोड़ने के नाम पर आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधना चाहती है। यदि कांग्रेस का उद्देश्य वास्तव में भारत को जोड़ना है, तो फिर वह अपने आचार-व्यवहार के माध्यम से आरएसएस-भाजपा की विचारधारा से प्रभावित लोगों को आकर्षित करने का काम क्यों नहीं करती? यदि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य सचमुच लोगों से जुड़ना है तो फिर विरोधी दलों पर अनावश्यक टीका-टिप्पणी करने का क्या मतलब? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस यात्रा में राहुल गांधी वही सब बयान दोहरा रहे हैं, जो वह बीते तीन-चार साल से कहते चले आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि वह आम जनता के समक्ष कोई नया विचार रखने में सक्षम नहीं हैं।भारत जोड़ो यात्रा के बीच ही गोवा के आठ कांग्रेस विधायक जिस तरह टूट कर भाजपा में चले गए, उससे कांग्रेस को झटका तो लगा ही, यह भी प्रकट हुआ कि ये विधायक पार्टी में अपना कोई भविष्य नहीं देख रहे थे। जब विधायकों का यह हाल है तो कार्यकर्ताओं के मनोबल का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। कांग्रेस में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो यह मान रहे हैं कि चाटुकार नेता गांधी परिवार का गुणगान कर अपना हित साधने में लगे हुए हैं। उनके पास ऐसी कोई रणनीति नहीं कि देश को आगे कैसे ले जाया जाए और जनता के सामने क्या ठोस विकल्प पेश किया जाए? उसके इस खोखले सोच के कारण ही इस समय जदयू, टीआरएस, तृणमूल कांग्रेस आदि अपने-अपने हिसाब से विपक्षी एका की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं, लेकिन ममता बनर्जी और केसीआर उसे साथ लिए बिना विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं।

अकेलेपन से जूझ रही दुनिया, विकास और उन्नति के ढोल के बावजूद अकेले हो रहे लोग

जापान के बारे में प्रायः ऐसे समाचार आते हैं कि वहां परिवार लगभग टूट गए हैं और बहुत से युवा परिवार नहीं बसाना चाहते। बड़ी संख्या में लड़के-लड़कियां विवाह के इच्छुक नहीं। कुछ साल पहले जापान में अकेलेपन की समस्या का समाधान करने के लिए एक मंत्रालय बनाया गया था। ब्रिटेन में भी ऐसा मंत्रालय बनाया गया था। वहां 2017 में काक्स कमीशन ने अपने अध्ययन में पाया था कि ब्रिटेन में 90 लाख के आसपास लोग अकेलेपन की समस्या से पीडि़त हैं। चीन की सरकार अब चाहती है कि दंपती तीन बच्चे पैदा करें, लेकिन लड़कियां बच्चे नहीं पैदा करना चाहतीं। वे कहती हैं कि क्या हम बच्चे पैदा करने की मशीनें हैं? जिस परिवार को इन दिनों शोषण का सबसे बड़ा कारण बताया जाता है, उसी परिवार के टूटने से ये आफतें आ रही हैं कि लोग अकेले होते जा रहे हैं। अमेरिका में परिवार की वापसी के नारे 1993 से लग रहे हैं। कोरोना के दौरान परिवार की जरूरत को बहुत महसूस किया गया, लेकिन पहले जिस संस्था को तमाम विमर्शों के द्वारा ध्वस्त किया गया, क्या उसकी वापसी इतनी आसान है? ध्यान से देखें तो परिवार के टूटने का सबसे अधिक लाभ दुनिया भर के व्यवसायी वर्ग को हुआ है। यदि सब लोग इकट्ठे रहते हैं तो उनके खर्चे भी कम होते हैं। एक घर, एक टीवी, एक कार से काम चल जाता है। जिम्मेदारियां बंटी होती हैं, इसलिए किसी एक पर इसका भार नहीं पड़ता। यह सच है कि परिवार में बहुत सी उलझनें भी होती हैं, लेकिन वे उतनी बड़ी नहीं, जितनी हम इन दिनों देख रहे हैं।

सिविल सेवा परीक्षा पर उठते प्रश्न, प्रारंभिक परीक्षा की गुणवत्ता की पहेली सुलझाने का समय

इन दिनों संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा हो रही है। यह 25 सितंबर तक चलने वाली है। यह परीक्षा तीन चरणों में होती है- प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार। इस अवसर पर यह स्मरण रखना आवश्यक है कि पिछले वर्ष की प्रारंभिक परीक्षा का कट आफ मार्क्स 43.77 प्रतिशत रहा था। ध्यान देने की बात यह है कि 2016 में यह 58 प्रतिशत था, जो क्रमशः गिरते-गिरते इस दयनीय दशा को प्राप्त कर चुका है। इस वर्ष इसमें और भी गिरावट आने की आशंका है। पांच जून को हुई प्रारंभिक परीक्षा यदि सामान्य रूप से हुई होती तो कोई बात नहीं थी, लेकिन इस बार की परीक्षा में जिस तरह के अनसुने, अनजाने और अनपढ़े प्रशनें का ढेर लगा दिया गया, उसने परीक्षाथिर्यों को बेहद निराश किया। पूछे गए प्रशनें को देखकर इन्हें समझ में ही नहीं आ रहा था कि वे अगले वर्ष की तैयारी कैसे करें? वे बुरी तरह भ्रमित हुए।प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा से पता चला कि लगभग एक हजार पदों के लिए करीब 13 हजार उम्मीदवारों का चयन होना था, जो हुआ, लेकिन परिणाम आने के बाद अफरातफरी इस बात को लेकर मची कि बड़े-बड़े दिग्गज धराशायी हो गए। यह स्थिति प्रारंभिक परीक्षा के बारे में कुछ मूलभूत एवं अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशन खड़े करती है। पहला और सामान्य सा प्रशन तो यही है कि क्या देश की इतनी प्रतिष्ठित उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा का इतना कम कट आफ मार्क्स आना सम्मानजनक है? यह हास्यास्पद बात है कि इसी परीक्षा के सामान्य अध्ययन के द्वितीय प्रशन पत्र को मात्र क्वालीफाई करना पड़ता है, जो सीसैट के नाम से अधिक जाना जाता है और ऐसा करने के लिए 33 प्रतिशत अंक की जरूरत होती है।दूसरे प्रशन के रूप में यह बात आती है कि क्या यह गिरावट इस परीक्षा में बैठने वाले युवाओं के गिरते हुए शैक्षणिक एवं प्रतिभा के स्तर के कारण है? यदि ऐसा है, तब तो यह अत्यंत चिंताजनक है। कोई भी राष्ट्र चाहेगा कि उसके सर्वोच्च स्तरीय प्रशासन में देश की अच्छी से अच्छी प्रतिभाएं आएं। इसलिए इन सेवाओं को इतना आकर्षक एवं प्रतिष्ठापूर्ण बनाया जाता है। यदि हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो हमें अपनी प्रणाली पर पूरी गंभीरता से विचार करना होगा, लेकिन एक अच्छी बात यह है कि ऐसा है नहीं।इसके प्रमाण के तौर पर मुख्य परीक्षा के कट आफ मार्क्स को देखा जा सकता है, जिसे प्रतिभा का संपूर्ण एवं वास्तविक परीक्षण करने वाली परीक्षा माना जाता है। 2016 में साक्षात्कार में जाने के लिए न्यूनतम 787 अंकों की जरूरत थी। यह पिछले वर्ष की परीक्षा में 745 (कुल अंक 1750) रही। 2016 में साक्षात्कार के अंकों को जोड़ने के बाद चयन के लिए न्यूनतम अंक थे-988, जो पिछले साल 944 रहे।विक्रम वेधा में नेगेटिव किरदार निभ्खुद का भी बिहाइंड द सीन्स वीडियो शेयर किया है, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है।बॉलीवुड के ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन को स्क्रीन पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए अब हाल ही में एक्टर ने अपना बिहाइंड द सीन्स शेयर किया है। ऋतिक रोशन खतरनाक गैंगस्टर वेधा के रूप में कैसे खुद को ढाला, ये पूरी जर्नी शेयर की है। बिहाइंड द सीन्स वीडियो में ऋतिक रोशन कभी दमदार एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं, तो कभी वह वीडियो में मस्ती करते हुए डांस कर रहे हैं और अपनी टीम को बता रहे हैं ऐसा खतरनाक गैंगस्टर देखा है कभी। वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते ऋतिक रोशन ने कैप्शन में लिखा, 'वेधा का रुबाब'। और सैफ अली खान स्टारर ये फिल्म तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक है, जिसे हिंदी में भी सेम नेम के साथ रिलीज किया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स बॉक्स ऑफिस पर ऐश्वर्या राय की फिल्म इए-1 से 30 सितंबर 2022 को सिनेमाघरों में टकराएगी। साक्षात्कार 275 अंकों का होता है। ये आंकड़े बताते हैं कि यदि प्रतिभा में गिरावट आई होती तो उसका प्रभाव मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार, इन दोनों पर पड़ता। आखिर प्रारंभिक परीक्षा के अंकों में इतनी कमी क्यों है? इसका उत्तर बहुत साफ है और वह यह कि पिछले कुछ वर्षों से सामान्य अध्ययन के रूप में जिस तरह के उलटे-पुलटे और कठिन प्रशन पूछे जा रहे हैं, वे सामान्य न होकर विशेष से भी विशेष हो गए हैं। उदाहरण के रूप में इस वर्ष 2018 में अफ्रीका की एक शरणार्थी बस्ती बीडीबीडी के बारे में पूछा गया। जिन चार ग्रंथों में से जैन ग्रंथों का चयन करना था, उनके नाम थे- नेत्तिपकरण, परिशिष्टपर्वन, अवदानशतक और त्रिशिष्टलक्षण महापुराण। चाड, गिनी, लेबनान और ट्यूनीशिया की घटनाओं पर प्रशन था। मध्यकालीन भारत से एक प्रशन था कि कौन कुलाह-दान कहलाते हैं? चाय बोर्ड के विदेश में कहां-कहां कार्यालय हैं? प्रभाजी कक्षीय बमबारी प्रणाली क्या है? ऐसे अनेक प्रशन हैं। यह पाया गया है कि इस बार के कुल सौ प्रशनें में लगभग 55 प्रशन अत्यंत कठिन श्रेणी के हैं। बहुत से प्रशन तो ऐसे हैं कि उनके उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों के समूहों से भी सही उत्तर तक पहुंचने का कोई सूत्र नहीं मिलता। अधिकांश पूछे गए तथ्य भी ऐसे होते हैं कि उनका ज्ञान या सिविल सेवा के करियर से कोई संबद्धता नहीं होती। प्रारंभिक परीक्षा के साथ एक दिक्कत यह भी है कि न तो इसका पाठ्यक्रम बहुत स्पष्ट है, और न ही इसके ज्ञान का स्तर। हालांकि यूपीएससी ने मुख्य परीक्षा के लिए इन दोनों का स्पष्ट प्रविधान किया हुआ है, लेकिन इस प्रारंभिक परीक्षा के लिए नहीं। यदि हम व्यावहारिक रूप में मुख्य परीक्षा के निर्देशों को प्रारंभिक परीक्षा के लिए मानकर चलें तो फिलहाल वह सुसंगत नहीं दिख रहा है। मुख्य परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रशनें के बारे में आयोग ने कहा है कि 'प्रशन ऐसे होंगे कि कोई भी सुशिक्षित व्यक्ति बिना किसी विशेष अध्ययन के इनका उत्तर दे सके।' सामान्य अध्ययन का सामान्य और एकमात्र अर्थ भी यही होता है, लेकिन प्रारंभिक परीक्षा में यह बात दिखाई नहीं देती। यही कारण है कि इसमें अंकों का प्रतिशत लगातार कम होता जा रहा है। जबकि मुख्य परीक्षा के अंतिम परिणाम के अंकों में एक प्रकार की स्थिरता बनी हुई है, सिवाय 2013 की मुख्य परीक्षा के। यूपीएससी को चाहिए कि वह इस स्थिति पर पूरी संवेदनशीलता के साथ विचार करके इसे प्रतियोगियों के स्तर के अनुकूल बनाए, ताकि एक तार्किक एवं व्यवस्थित रूप से उनका मानसिक परीक्षण हो सके। वर्तमान के 'बौद्धिक अन्याय' को उसे दूर करना ही चाहिए।

विकसित राष्ट्र बनने का सरल उपाय यूनिकार्न निभाएंगे निर्णायक भूमिका

सफलता और गौरव की यात्रा बड़े सोच से ही आरंभ होती है। इसी दृष्टिकोण के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प पूर्ति के लिए अर्थव्यवस्था को 20 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के स्तर पर ले जाना होगा। यानी आर्थिकी को मौजूदा दायरे से करीब छह गुना बढ़ाना होगा। वास्तव में, किसी भी देश की जोरदार आर्थिक वृद्धि जनसांख्यिकीय वितरण, राजनीतिक स्थिरता, वैश्विक सहयोग और आर्थिक प्राथमिकताओं पर निर्भर होती है। व्यापक अर्थों में आर्थिक वृद्धि के दो प्रमुख स्रोत होते हैं। एक कामकाजी आबादी के आकार में वृद्धि और दूसरा उत्पादकता में बढ़ोतरी। वहीं भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यमिता आर्थिक वृद्धि के चार पहलू हैं। शुभ संकेत यही हैं कि प्रधानमंत्री ने उक्त उद्घोषणा एक ऐसे समय में की है जब भारत के संदर्भ ये सभी पहलू सकारात्मक दिखते हैं। भारत एक उद्यमी समाज है और हाल के दौर में राष्ट्रीय नीतियां एवं कार्यक्रम भी अर्थव्यवस्था पर शीर्ष स्तरीय नियंत्रण से निजी क्षेत्र प्रवर्तित आर्थिक वृद्धि की ओर केंद्रित हुए हैं। फिर भी, 25 वर्षों में छह गुना वृद्धि के लिए बड़े स्तर पर उद्यमियों के उभार की आवश्यकता होगी। यह चमत्कारिक कारोबारी सफलता गाथाओं से ही संभव है। इस मोर्चे पर यूनिकार्न (सौ अरब डालर मूल्यांकन वाली कंपनियां) प्रेरणा पुंज की भूमिका निभा सकती हैं। देश के कोने-कोने में यूनिकार्न का फैलाव उद्यमियों की बड़ी खेप तैयार करेगा। ऐसे में 10,000 यूनिकार्न बनाए जाने का लक्ष्य तय किया जाए। यह मुश्किल अवश्य है, किंतु असंभव नहीं। इस वर्ष जुलाई के पहले पखवाड़े तक देश में यूनिकार्न की संख्या 105 तक पहुंच गई थी। भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश को अगले 25 वर्षों में यूनिकार्न स्थापित करने में उत्प्रेरक-सहायक बनने की दिशा में तत्पर होना जाना चाहिए। जिलेवार योजना बनाएं और वार्षिक स्तर पर उनके लिए भिनन-भिनन लक्ष्य तय करें। राज्य अपनी ताकत के आधार पर क्षेत्रों को चिह्नित करें। प्रत्येक स्तर पर समन्वय सुनिश्चित हो। यूं तो दुनिया भर में करीब सभी क्षेत्रों में यूनिकार्न उभर रही हैं, लेकिन उनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी कारोबार प्रबंधन समाधान, वित्तीय सेवाओं, खुदरा, स्वास्थ्य सेवाओं, लाजिस्टिक्स, परिवहन, शिक्षा, आतिथ्य सत्कार, ऊर्जा और खाद्य एवं पेय जैसे क्षेत्रों की है। मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में यूनिकार्न बनाई जा सकती है। यूनिकार्न क्रांति चार अनुकूल पहलुओं-व्यक्तियों, तकनीक, पूंजी और बुनियादी ढांचा से संचालित होगी। आकांक्षी पुरुष-महिलाएं, मार्गदर्शक और इनक्युबेटर (नए उद्यमों को विकसित करने वाले) इसके पहले बिंदु में शामिल हैं। सहयोगी सेवा प्रदाताओं में वकील, अकाउंटेंट, आडिटर्स, निवेश बैंकर, लाजिस्टिक सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले और मानव संसाधन जुटाने में कुशल पेशेवर आते हैं। उद्योग संस्थाओं और राज्य को लोगों से जुड़ी इस कड़ी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना होगा। दूसरा पहलू तकनीक का है, जिसमें हार्डवेयर, डाटा सहित संसाधन साझेदारी और नवाचार सुगमता जैसे बिंदु शामिल हैं। बेंगलुरु में यूनिकार्न के बड़े जमावड़े के पीछे तकनीकी सहयोग एक महत्वपूर्ण कारक है। वस्तुतः तकनीक एक मजबूत जन स्तंभ की ओर उन्मुख करती है। पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता किसी भी उपक्रम की सफलता के मूल में होती है। चूंकि किसी नए प्रयास में सफलता की सीमित गुंजाइश को देखते हुए नए विचार को वित्तीय आधार मिलने में हमेशा हिचक देखने को मिलती है। पिछले कुछ समय से यही दिखा है कि एंजेल निवेशक शेयर बाजार में पैसे लगाकर स्थापित उद्योगों की वृद्धि में कहीं ज्यादा तत्पर हैं। इससे नए विचारों के कारोबारी रूपांतरण की राह में पूंजी की किल्लत हो गई है। इसी आवश्यकता को भांपते हुए भारत सरकार ने कुछ इनक्युबेशन केंद्रों को वित्तीय संसाधन आवंटित किए हैं। साथ ही सिडबी के माध्यम से वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। अब कोई दो साल से कम पुराना स्टार्टअप 20 लाख रुपये का अनुदान ले सकता है। साथ ही वह बिना कुछ गिरवी रखे साढ़े चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर पांच वर्षों के लिए 50 लाख रुपये का कर्ज भी ले सकता है। हालांकि यूनिकार्न बनने की राह में ऐसी मदद अपर्याप्त ही कही जाएगी। सिडबी की पहुंच और क्षमताएं भी सीमित हैं। ऐसे में देश के प्रत्येक जिले तक इससे जुड़े संस्थागत ढांचे का समग्रता में विस्तार करना होगा। वित्तपोषण की प्रकिया और मानसिकता पूरी तरह बदलनी होगी। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्र सरकार के प्रयासों के साथ ताल मिलानी होगी। उन्हें बड़े स्तर पर जोखिम पूंजी में साझेदार बनना होगा। उजहां तक बुनियादी ढांचे की बात है तो उसके तीन घटक हैं, भौतिक स्थान, कनेक्टिविटी और सहयोगी सेवाएं जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा और मनोरंजन इत्यादि। उद्यमी सुसंगठित, स्वच्छ और बेहतर सुविधाओं वाले शहरों में रहने के आकांक्षी हैं। सभी मौजूदा भारतीय शहर भीड़भाड़ से भरे हैं। वहां रहने के लिए परिवेश भी उतना सहज नहीं है। इसलिए बेहतर होगा कि एक्सप्रेसवे के आसपास अत्याधुनिक सुविधाओं वाली टाउनशिप विकसित की जाएं। इससे महानगरों और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों तक उनकी पहुंच भी आसान होगी। साथ ही ये नई टाउनशिप तीन प्रकार से मददगार होंगी। इनसे शहरों पर भीड़भाड़ का बोझ घटेगा। आधुनिक पर्यावास का सृजन विकसित देश का प्रतीक होगा और ये सतत आर्थिक वृद्धि में सहायक होंगी। हालांकि ऐसी परियोजनाओं से पहले सभी सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को सुलझाना बहुत आवश्यक होगा, क्योंकि आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी अमरावती का उदाहरण हमारे सामने है। ऐसे उपायों के साथ-साथ योजनाओं का समग्रतापूर्ण नियोजन और समयबद्ध क्रियान्वयन रोजगार सृजन, असमानता घटाने, समृद्धि विस्तार करने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सफल होगा।

संक्षिप्त समाचार

एक जनपद एक खेल, खेलो इंडिया योजना के तहत जिला खेल कार्यालय में 19 सितंबर को होगा बैडमिंटन खेल के शिविर का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में एक जनपद एक खेल, खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय गौतम बुध नगर में बैडमिंटन खेल का कैंप आयोजित किया जा रहा है। उप क्रीड़ा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि जो खिलाड़ी खेलो इंडिया खेल में बैडमिंटन प्रतियोगिता वह प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना चाहते हुए हैं, वह दिनांक 19 सितंबर को सायं काल 2:00 बजे से मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपने आधार कार्ड व दो फोटो के साथ अपने संपूर्ण सामान जो कि बैडमिंटन के ट्रायल के वक्त उपयोग में आते है लेकर उपस्थित होकर आयोजित बैडमिंटन खेल के शिविर में प्रतिभाग कर सकते। उन्होंने कहा कि सिलेक्शन के उपरांत अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण कराएं जो बच्चे इसमें चयनित किए जाएंगे वह खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे व खेलो इंडिया में होने वाले सभी आयोजनों में प्रतिभाग करेंगे।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की रूस को चेतावनी

(आधुनिक समाचार सेवा)

कीव । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने देश से वादा किया है कि रूसी सैनिकों द्वारा कब्जा किए गए कस्बों और शहरों को पुनः प्राप्त करने के लिए जवाबी कार्रवाई में कोई कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप में से कुछ लोगों को यह लग सकता है कि इतनी सारी जीत के बाद हम शांत हैं। लेकिन, यह कोई खामोशी नहीं है। हम अपनी अगली रणनीति की तैयारी कर रहे हैं और पूरे यूक्रेन को मुक्त कराकर रहेंगे शनिवार को यूक्रेन की सैन्य कमान ने कहा कि उसके बलों ने ओस्किल नदी के पूर्वी तट को सुरक्षित कर लिया है। वहीं, शहरों और कस्बों में रूसी गोले दागे जाने के बीच ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी जारी की है।

विश्व का एकमात्र प्रसिद्ध मंदिर जहां पर पूजा आरती आज भी होती है लेकिन इंसान दिखाई नहीं देते

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। मध्यप्रदेश के सतना जिले में मैहर की माता शारदा का प्रसिद्ध मंदिर है। मान्यता है कि शाम की आरती होने के बाद जब मंदिर के कपाट बंद करके सभी पुजारी नीचे आ जाते हैं तब यहां मंदिर के अंदर से घंटी और पूजा करने की आवाज आती है। कहते हैं कि मां के भक्त आल्हा अभी भी पूजा करने आते हैं। अक्सर सुबह की आरती वे ही करते हैं। पिरामिडाकार त्रिकूट पर्वत में विराजीं मां शारदा का यह मंदिर 522 ईसा पूर्व का है। कहते हैं कि 522 ईसा पूर्व चतुर्दशी के दिन नृपल देव ने यहां सामवेदी की स्थापना की थी, तभी से त्रिकूट पर्वत में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ। इस मंदिर की पवित्रता का अंदाजा महज इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी भी आल्हा मां शारदा की पूजा करने सुबह पहुंचते हैं। मां शारदा की प्रतिमा के ठीक नीचे के न पढ़े जा सके शिलालेख भी कई पहेलियों को समेटे हुए हैं। सन 1922 में जैन दर्शनार्थियों की प्रेरणा से तत्कालीन महाराजा

ब्रजनाथ सिंह जूदेव ने शारदा मंदिर परिसर में जीव बलि को प्रतिबंधित कर दिया था। विन्ध्य पर्वत श्रेणियों के मध्य त्रिकूट पर्वत पर स्थित इस मंदिर के बारे मान्यता है कि मां शारदा की प्रथम पूजा आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा की गई थी। मैहर पर्वत का नाम प्राचीन धर्मग्रंथ 'महेन्द्र' में मिलता है। इसका उल्लेख भारत के अन्य पर्वतों के साथ पुराणों में भी आया है। प्रसिद्ध इतिहासविद् ए. कनिंघम द्वारा मां शारदा मंदिर का काफी अध्ययन किया गया है। मैहर स्थित जन सूचना केंद्र के प्रभारी पंडित मोहनलाल द्विवेदी शिलालेख के हवाले से बताते हैं कि कनिंघम के प्रतीत होने वाले 9वीं व 10वीं सदी के शिलालेख की लिपि न पढ़े जाने के कारण अभी भी रहस्य बने हुए हैं। मंदिर के ठीक पीछे इतिहास के दो प्रसिद्ध योद्धाओं व देवी भक्त आल्हा- ऊदल के अखाड़े हैं तथा यहीं एक तालाब और भव्य मंदिर है जिसमें अमरत्व का वरदान प्राप्त आल्हा की तलवार उसी की विशाल प्रतिमा के हाथ में थमाई गई है। हर मंदिर के महंत पंडित देवी प्रसाद बताते हैं कि अभी भी मां का पहला श्रृंगार आल्हा ही करते हैं और जब ब्रह्म मुहूर्त में शारदा मंदिर के पट खोले जाते हैं तो पूजा की हुई मिलती है।

सतना आएंगे अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री जगदीश यादव जी

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। विंध्य क्षेत्र की धरा सतना में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री जगदीश यादव जी का आगमन होने जा रहा है आप के रामनगर में यादव एवं पाल महासम्मेलन का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-मा.जगदीश यादव जी (प्रदेश अध्यक्ष यादव महासभा म. प्र.),इं.पुष्पेंद्र यादव जी जिला पंचायत सदस्य अलीपुरा। मा.रामपाल यादव जी (महासचिव अ.भा.यादव महासभा) (डायरेक्टर कृषि उपज मंडी सतना) विशिष्ट अतिथि-राजेश यादव जी जनपद अध्यक्ष रीवा, संतोष यादव जी जिला पंचायत सदस्य सतना रहेंगे जिसमें भोपाल से बाय रोड जाते समय मैहर में पूर्व मंडल अध्यक्ष भाई बिरेंद्र यादव जी के नेतृत्व में किया जाएगा जोरदार स्वागत इसके साथ ही जगत जननी मां शारदा के दर्शन कर लेंगे आशीर्वाद तत्पश्चात रेस्ट हाउस में होगी प्रेस वार्ता और अखिल भारतवर्षीय

यादव महासभा के सभी पदाधिकारियों को करेंगे संबोधित स्वागत में रहेंगे श्री वीरेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, श्री दशरथ यादव पूर्व पार्षद मैहर, श्री विनायक यादव मंडल अध्यक्ष परस्मानिया, श्री रामबकस यादव पूर्व जिला कार्यसमिति सदस्य, ओम प्रकाश यादव पूर्व सरपंच,श्री धीरज यादव युवा समाजसेवी, नीलेश यादव, कमलेश यादव तथा हजारों की तादात में युवा कार्यकर्ता रहेंगे मौजूद तत्पश्चात रामनगर के लिए होंगे रवाना रामनगर पहुंचकर सभा को करेंगे संबोधित।



दिव्यांगजन यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड बनवाने के लिए विभागीय पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 के निर्देशों के क्रम में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर आशीष कुमार सिंह ने जनपद के समस्त दिव्यांगजन का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जनपद के ऐसे समस्त दिव्यांगजन जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र पुराने बने हुए है एवं जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं बने हुए हैं अपना यू0 डी0आई0डी0 कार्ड (यूनिक डिसेबिलिटी आईडेन्टीफिकेशन) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की हार्ड कापी मुख्य चिकित्सा धिकारी गौतम बुद्ध नगर के कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिन दिव्यांग जनों के यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड निर्गत नहीं है उन सभी दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से वंचित होना पड सकता है। किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए यू0डी0आई0डी0 कार्ड का होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि समस्त दिव्यांगजन जिनके यू0डी0आई0डी0 कार्ड नहीं बने हैं वे अपना यू0डी0आई0डी0 कार्ड शीघ्र बनवाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा सप्ताह में 02 दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को परीक्षणोपरान्त यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाया जायेगा।

मैहर नादान मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत मगरौरा मे 72 वृक्ष लगाए गए

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। प्रधानमंत्री जी के72 वे वर्षगांठ के उपलक्ष में ग्राम पंचायत मंगरौरा में वेहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 72 वृक्ष लगाकर मा.प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया गया भारत के

सबसे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी जी के 72 वे वर्षगांठ के उपलक्ष में मैहर नादान मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगरौरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिषद के परिक्षेत्र में 72 वृक्षारोपण कर मनाया गया मा. प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जीने कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिषद में विराजमान मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी जी,जनपद सदस्य कामता प्रसाद शुक्ला,रावेंद्र सिंह पटेल पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष,विकाश तिवारी ,नादान युवामोर्चा अध्यक्ष सुबोध मिश्रा, किसान मोर्चा जिला सतना मंत्री राजा पांडये, पारसनाथ तिवारी किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष प्रेम लाल सिंह पटेल उपसरपंच मंगरौरा रामदास चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद शुकुल लाल जी शुक्ला, तेजभान सिंह राजबहादुर यादव श्रीनिवास यादव वीरेंद्र आया बाल्मिक सिंह रामपाल चौधरी रामदास चौधरी राजेश सिंह मनोज जायसवाल जगदीश साहू प्रेम लाल सिंह इंद्रमणि सिंह गोकर्ण साहू ग्राम पंचायत मंगरौरा के सचिव बाल्मिक कुशवाहा रोजगार सहायक राजू चौधरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रचार संतोष सिंह जी विद्यालय परिवार का स्टाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी गण किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी गण एवं ग्रामवाशी उपस्थित हुए।

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती धूमधाम से मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा व्यापार सभा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान सभी ने पुष्प माला अर्पित की साथ ही धूप दीप के साथ उनकी पूजा अर्चना की। फल एवं मिष्ठान का भगवान विश्वकर्मा को भोग अर्पित कर सभी ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा वास्तुदेव तथा माता अंगिरसी के पुत्र हैं। उन्हें वास्तुकला के आचार्य के रूप में जाना जाता है। उनकी जयंती पर आराधना के साथ औजारों की पूजा की जाती है।भगवान विश्वकर्मा की जयंती को श्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, इसलिए अधिकतर लोग अपना काम काज बन्द कर हर्षोल्लास के साथ पूजा आराधना करते हैं इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से यही कामना है कि सभी स्वस्थ और खुशहाल हों। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, सौरभ जिंदल, सुबोध गोयल, विनोद सिंह,पुष्पेंद्र बंसल ,रेशम पाल सिंह, अमित चौधरी, बबलू चौहान, संजय त्यागी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी के निर्देशानुसार एव भाजयुमो नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में 17 सितंबर को

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया। रक्तदान शिविर में क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा मोहित बेनीवाल, सांसद डॉ महेश शर्मा, नोएडा के यशश्वी विधायक, प्रदेश युवा मोर्चा प्रभारी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय श्री पंकज सिंह जी प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा आदरणीय अमल खटीक जी कॅप्टन विकास गुप्ता तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर की शुरुआत में भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने रक्तदान करके की मोहित बेनीवाल ने सभी नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील करी जिससे किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके। मोहित जी ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए सभी डॉक्टरों एवम् अन्य सहयोगियों तथा विशेषकर रक्तदान से जुड़े हुए सभी भद्रजनों को हार्दिक आभार प्रकट किया। डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा की रक्तदान महादान है और इससे शुभ कार्य कुछ और नहीं हो सकता की आप रक्तदान के माध्यम से जीवन दान करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा की आज देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रक्तदान का कार्यक्रम निश्चित ही जनमानस में इस पुनीत कार्य के लिए जनजागरण में सहायक होगा।। नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने सभी नोएडा वासियों का धन्यवाद करते हुए कहा की नोएडा में विषम से विषम परिस्थिति में भी कभी रक्त की कमी नहीं होने दी तथा रक्तदान में नोएडा सदैव सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक मिशाल बनता रहा है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस रक्तदान के कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की आदरणीय नरेंद्रमोदी जी का संपूर्ण जीवन ही जनसेवा, राष्ट्रसेवा, पार्टी सेवा में व्यतीत हुआ और इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए पार्टी ने प्रति वर्ष सेवा पखवाड़ा आयोजित करने का निश्चय किया। भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमल खटीक ने रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक साधुवाद। अमल खटीक ने कहा की प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ही आज युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस रक्तदान अभियान में पूरे जोश के साथ कार्य कर रहा है तथा अधिक से अधिक युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी नागरिकों एवम् कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करते हुए रक्तदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का व्रत दिलाया तथा युवा मोर्चा को इस अभियान को समय समय पर आयोजित करने का भी आग्रह किया।। भाजयुमो जिला युवा मोर्चा प्रभारी एवम् वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा नोएडा में 11 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है और जिले तथा मंडल तक के सभी कार्यकर्त्ता पूरे जोश के साथ इस अभियान को सफल बनाने में संलगन है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा की जब जब राष्ट्र पर कोई संकट आया है तब तब युवाओं ने अपने रक्त की आहुति दे करके रक्षा करने का अपना प्रण निभाया है,उन्होंने कहा की रक्तदान में भी युवाओं को इसी प्रकार से आगे आना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए की किसी भी व्यक्ति की मृत्यु रक्त की कमी के कारण न हो तथा सभी जरूरत मंद लोगो को समय से रक्त उपलब्ध कराने के लिए इस कार्य में जुड़ी सभी संस्थाओं का भी धन्यवाद किया।कार्यक्रम में नॉएडा महानगर महामंत्री चंदीराम यादव ,उमेश त्यागी ,डिंपल आनंद ,गणेश जाटव ,धर्मेन्द्र गुप्ता ,युद्धवीर चौहान,मनीष शर्मा, महेश अवाना , तन्मय शंकर मंडल अध्यक्ष - पंकज झा ,कल्लू सिंह ,गोपाल गोड़ ,सुराजपाल राणा, लोकेश कश्यप ,राममेहर कौशिक , अशोक मिश्रा, राजकुमार चौहान, एम.सी .भारद्वाज युवा मोर्चा टीम - मोहित शर्मा ,नवीन मिश्रा ,रिंकु तवर ,विपुल शर्मा ,धर्मेन्द्र चौहान ,तुषार गोयल ,संदीप अवाना ,संजय चौधरी ,अर्पित मिश्रा ,विक्रांत राणा ,परवीन चौहान ,सोनू राणा ,राहुल शर्मा ,सूर्य शर्मा ,कपिल धारीवाल ,सचिन अम्बावता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्लीन नोएडा कल्ब के वॉल्युटियर्स ने एचसीएल फाउन्डेशन और नोएडा प्राधिकरण का सहयोग

'क्लीन नोएडा रन' का आयोजन किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। विश्व स्वच्छता दिवस 2022 के उपलक्ष्य में नौएडा के 27,000 से अधिक लोगों ने विशाल 'क्लीन नौएडा रन' में हिस्सा लिया।लोगों को व्यर्थ प्रबन्धन के बारे में जागरुक बनाने के प्रयास में क्लीन नौएडा वॉल्युन्टियर क्लब ने एचसीएल फाउन्डेशन और नौएडा हाट में, अपनी तरह की पहली स्वच्छ नौएडा व्यर्थ प्रबन्धन प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस मौके पर व्यर्थ प्रबन्धन के 3 आर- रिड्यूस, रीयूज़ एवं रीसायकल के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए कई व्यक्त करते हुए कहा, साथ मिल

नौएडा प्राधिकरण के सहयोग से इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लीन नौएडा वॉल्युन्टियर क्लब 2018 से नौएडा को स्वच्छ, हरित एवं बेहतर बनाने की दिशा में सक्रियता से काम कर रहा है।अवसर पर हर उम्र एवं विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों से ताल्लुक रखने वाले स्वयं सेवियों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक और कूड़े की बढ़ती समस्या पर अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने लोगों को इस विषय पर जागरुक बनाने का प्रयास भी किया। क्लीन नौएडा रन के अलावा कई अन्य गतिविधियों जैसे ज़ुम्बा डांस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और प्रदर्शनी का आयोजन भी हुआ, लोगों ने बढ़-चढ़कर इन गतिविधियों में हिस्सा सक्सेना क्लब की सभी गतिविधियों में सक्रियता से हिस्सा लेते रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने विचार रोचक गतिविधियों की योजना बनाई गई थी। कई बूथों पर एनजीओ, स्वयंसेवियों एवं हितधारकों ने व्यर्थ प्रबन्धन में अपने कार्यों का प्रदर्शन किया।नौएडा को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई तरह के उपकरणों और मशीनरी को भी कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि एवं माननीय अतिथि ने अपने विचार प्रस्तुत किए और स्वयंसेवियों के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर सम्बोधित करते सभी स्तरों पर व्यर्थ प्रबन्धन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और कहा 'हर कार्यक्रम के दौरान बेहद रोचक ट्रैशन शो का आयोजन भी हुआ, जिसके माध्यम से लोगों को उनके आस-पास पड़े कूड़े की सफाई और रीसायक्लिंग के सुझाव दिए गए। यह देखना बेहद रोचक था कि युवा प्रतिभागी अपने आधुनिक विचार सामने लेकर आए।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मैहर में यूंका ने जूते पॉलिश कर जताया विरोध

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर । आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पूरे देश में राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मना रही हैं जिसके चलते मैहर में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेंद्र शर्मा छोटू सड़को पर जूता पॉलिश कर रहा है जिसका श्रेय बीजेपी के नेताओं को जाता हैं प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे कर सरकार मे आए और जब देश का युवा रोजगार मांगता है तो उन्हे पकौड़े तलने वा आत्मनिर्भर का सुझाव देते हैं उसी के चलते युवाओं ने चंद चुनिंदा चहेतों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही हैं जिसमें मुख्य रूप से ललित तिवारी सरपंच, मोनिश अली, इमरोज अहमद का. अ., आनंद मिश्रा वि. उपाध्यक्ष, आदर्श पूरी, राहुल पांडेय, हर्ष लालवानी, रवि वर्मा, कान्हा चौरसिया, सद्दाम खान,

के मार्गदर्शन पर व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) के नेतृत्व में मैहर घंटाघर चौराहे में सैकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता वा पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जूते पॉलिश कर अपनी डिग्रिया लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया विधानसभा अध्यक्ष लल्ला ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि आज देश के शिक्षित युवा इनसे उम्मीद लगाना छोड़कर खुद अपना रोजगार ढूढने के लिए सड़को पर उतरे हैं, उन्होंने कहा मैहर विधानसभा की बात की जाय जहां तीन तीन बड़े उद्योग सीमेंट प्लांट संचालित हैं वही मैहर क्षेत्र का युवा सिर्फ दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं लल्ला ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ये रंगा बिल्ला की सरकार ने रोजगार देना तो दूर आज जो भी रोज़गार के अवसर थे उनको भी बेचकर अपने ब्रांडिंग और अपने अभिषेक सिंह, अभिषेक ठाकुर, अमित लोधी, अनस खान, अरमान रावत, मोंटी गुप्ता, राहुल रावत, आयूष ठाकुर, राजकुमार, लवकुश त्रिपाठी, विकास साहू, निखिल कुशवाहा, सचिन साहू, निखिल कुशवाहा, सचिन साहू, अमन सिंह परिहार, अरमान पटेल, शरद भाई, मोंटी तिवारी, अभिषेक चौधरी, अनुज वर्मा राहुल ओझा, मयंक पांडेय, समशेर खान, रितिक रैकवार, इरफान खान सहित सैकड़ो युवा साथी उपस्थित रहे।

सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन जिला चिकित्सालय में जनपद के जनप्रतिनिधियों ने किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के दूसरे दिन जिला चिकित्सालय में माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा, माननीय नवाब सिंह नागर एवं महिला आयोग की माननीय उपाध्यक्ष सुषमा जी के द्वारा संयुक्त रुप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला मंत्री गणेश जाटव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, चीफ फार्मेसिस्ट आलोक पांडे तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

दिल्ली का स्पेशल खाना देख कुछ यूं खिल उठा श्रीवल्ली का चेहरा देखिए क्या-क्या किया ऑर्डर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। नेशनल क्रश के टाइटल से मशहूर रश्मिका मंदाना गुडबाय फिल्म से बॉलीवुड में बतौर

एक्टर अपनी पारी शुरू कर रही हैं। रश्मिका ने इस फिल्म का प्रमोशन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में फिल्म का नया गाना हिक सॉन्ग रिलीज करने के लिए तेलुगु एक्ट्रेस शुक्रवार को दिल्ली पहुंचीं, जहां उन्होंने इवेंट में भाग लिया और मीडिया से बात की रश्मिका अपने दिल्ली स्टे को भरपूर एंजॉय कर रही हैं, खासकर यहां के विश्वविख्यात लजीज खाने को, जिसका अंदाजा तस्वीरों से लगाया जा सकता है। खाने की थाली ने बढ़ाई चेहरे की चमक रश्मिका ने अपनी इंस्टा स्टोरी में अपने होटल रूम की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो बाथरोब पहने हुए हैं और सामने टेबल पर रखी एक बड़ी सी थाली को दोनों हाथों से समेटने की कोशिश कर रही हैं। इस तस्वीर में दो बातें सबसे जरूरी हैं, एक थाली में रखे व्यंजन और रश्मिका वेज चेहरे की चमक।रश्मिका वैसे हिंदी बेल्ट में पहले से ही मशहूर हैं, मगर पिछले साल दिसम्बर में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की पुष्पा- द राइज के बाद श्रीवल्ली के फैंस की तादाद काफी बढ़ गयी है। खासकर, फिल्म के गानों में रश्मिका की क्यूटनेस और अदाओं ने उनके चाहने वालों की तादाद बढ़ायी। फिल्म के सामी-सामी गाने पर तो आज भी सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहे हैं। पुष्पा ने सिर्फ हिंदी बेल्ट में 100 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन किया था। इसके बाद हिंदी में रिलीज होने वाली दूसरी फिल्म सीता रामम है, जिसमें दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर ने भी मुख्य भूमिकाएं निभायीं। गुडबाय, रश्मिका की पहली बॉलीवुड फिल्म है और 7 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। विकास बहल निर्देशित फिल्म का निर्माण एकता कपूर ने किया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन और नीना गुप्ता मुख्य स्टार कास्ट का हिस्सा हैं। रश्मिका गुडबाय के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनू में भी फीमेल लीड में नजर आने वाली हैं।

सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी प्रतीक गांधी की फिल्म

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। हंसल मेहता निर्देशित वेब सीरीज स्कैम 1992 से ओटीटी स्टार बने प्रतीक गांधी अपनी नई फिल्म अतिथि भूतो भव के साथ लौट रहे हैं। अतिथि भूतो भव सिनेमाघरों के बजाय सीधे ओटीटी पर रिलीज की जा रही है। शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, साथ ही रिलीज डेट और





प्लेटफॉर्म का एलान किया गया। फिल्म में प्रतीक श्रीकांत शिरोडकर नाम का किरदार निभा रहे हैं। उसकी जिंदगी में तब उथल-पुथल मच जाती है, जब उसकी मुलाकात एक भूत से होती है। यह भूत दावा करता है कि पिछले जन्म में वो श्रीकांत का पोता था। कहानी में तब कॉमिक टर्न आता है, जब भूत अपने बिछड़े हुए प्यार से मिलने के लिए श्रीकांत की मदद मांगता है। अतिथि भूतो भव का निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है। फिल्म में शरमीन सेगल नेत्रा बनर्जी के किरदार में हैं, वहीं दिविना ठाकुर सुचित्रा नाम का किरदार निभा रही हैं। अतिथि भूतो भव 23 सितम्बर को जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी। ट्रेलर नीचे देखा जा सकता है- प्रतीक मनोरंजन इंडस्ट्री में काफी वक्त से काम कर रहे हैं। गुजराती सिनेमा के साथ उन्होंने कुछ हिंदी फिल्मों में भी सहायक भूमिकाएं निभायी थीं, मगर 2020 में सोनी-लिव पर आयी वेब सीरीज स्कैम 1992 में हर्षद मेहता का किरदार निभाने के बाद वो हिंदी दर्शकों के बीच भी छा गये थे।इस फिल्म में प्रतीक की एक्टिंग को खूब पसंद किया गया था। तभी से प्रतीक हिंदी इंडस्ट्री में निरंतर सक्रिय हैं। 2021 में लीड रोल में उनकी पहली हिंदी फिल्म भवई रिलीज हुई थी और अब अतिथि भूतो भव आ रही है।

अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीम होने वाली हैं ये 5 फिल्में

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। अमेजन मिनी टीवी पर शॉर्ट फिल्मों का मेला लगने वाला है, जिसे मिनी मूवी फेस्टिवल नाम दिया गया है। इस फेस्टिवल के तहत मिनी टीवी पर पांच नई शॉर्ट फिल्में रिलीज की जाएंगी। इन फिल्मों में इंडस्ट्री के कई जाने-माने कलाकार मुख्य भूमिकाएं निभाते हुए नजर आएंगे। अमेजन मिनी टीवी पर अलग-अलग जॉनर का कंटेंट मौजूद रहता है। रोमांटिक, ड्रामा और हॉरर जॉनर की शॉर्ट फिल्में और सीरीज मिनी टीवी पर स्ट्रीम की जा रही है। एक ट्विस्ट के साथ यह एक क्लासिक रिलेशनशिप ड्रामा है, जिसमें प्यार और ब्रेकअप के विषय को हाइलाइट किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन पूजा बनर्जी ने किया है। श्रेया चौधरी और मृणाल दत्त इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं। सुमित पुरोहित निर्देशित इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी लीड रोल में हैं। इस शॉर्ट में एक नौजवान वकील के संघर्ष को दिखाया गया है, जो अपने मकसद की तलाश में है। इस फिल्म का निर्देशन हिना डिसूजा ने किया है। मलिश्का मेंडोंसा लीड रोल में नजर आएंगी। इस कहानी में एक ऐसी महिला के भावनात्मक उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा, जो उम्र के तीसरे दशक में है और उसका तलाक होने वाला है। ज्योति कपूर दास निर्देशित फिल्म में नेहा धूपिया ने मुख्य भूमिका निभायी हैं। यह एक मल्टीटास्किंग मदर की कहानी है, जो काम के साथ अपने मां वाले किरदार में भी पूरी तरह सफल है। गौरव दवे ने इस शॉर्ट फिल्म का निर्देशन किया है। कीर्ति कुल्हरी और अंगद बेदी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह तीस की उम्र में पहुंच चुके एक शहरी जोड़े की कहानी है। कब शुरू होगा फिल्म फेस्टिवल मिनी टीवी पहली बार मिनी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है, जो 22 सितम्बर से शुरू हो रहा है। कहां और केसे देख सकते हैं अमेजन मिनी टीवी का कंटेंट देखने को लिए अमेजन शॉपिंग ऐप पर जाना होता है। जहां मेन्यु बार में मिनी टीवी का आइकॉन बना रहता है। इस पर क्लिक करके मिनी टीवी के कंटेंट को देखा जा सकता है। मिनी टीवी



दो अलग फिल्मों में काजोल और अजय देवगन ने बोला सेम डायलॉग फैंस ने बताया कौन है बेस्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। काजोल और अजय देवगन दोनों ही अभिनय की दुनिया के महारथी है। एक तरफ जहां अजय देवगन अपने सीरियस लुक और अपनी आंखों के एक्सप्रेशन से फैंस के दिलों को घायल करते है, तो वहीं दूसरी तरफ काजोल स्क्रीन पर कभी अपने नेगेटिव, तो कभी अपने चुलबुले अंदाज से हर किसी को दीवाना बना देती हैं। दोनों की ही फिल्मों के डायलॉग लोगों को खूब पसंद आते हैं। लेकिन अब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अजय देवगन और काजोल दो अलग फिल्मों में सेम डायलॉग बोलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अजय देवगन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस इंस्टाग्राम पर उन्होंने दो वीडियो डाले हैं। पहला वीडियो काजोल की ओटीटी फिल्म 'त्रिभंग' का है। इस वीडियो में काजोल स्मोक करने जाती है, तभी एक लेडी उन्हें टोकती है कि मैम स्मोकिंग मना है और काजोल उसे गुस्से में बोलती हैं

'जली है क्या'। वही दूसरा वीडियो फिल्म रनवे 34 फिल्म का है। जहां अजय देवगन वॉश रूम में स्मोक करने जाते हैं तभी कोई शख्स उन्हें आकर रोकता है। अजय देवगन उनकी बात का जवाब देते हुए कहते है 'जलाया तो नहीं ना'। इस वीडियो को कैप्शन देते हुए अजय देवगन ने लिखा, 'अरे काजोल ने इसमें मुझे मात दे दी'। अजय देवगन के इस वीडियो पर काजोल ने बड़े ही मजेदार अंदाज में जवाब दिया। काजोल ने अजय देवगन की बात का जवाब देते हुए लिखा, 'चिंता मत करो, मेरी इसका ड्रैग लेने की कोई प्लानिंग नहीं है'। यूजर्स बता रहे है कि इस वीडियो में दोनों में से किसने इस डायलॉग को मजेदार अंदाज में बोला है। एक यूजर ने लिखा, 'अजय देवगन सर सबसे बेस्ट हैं'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'सर आप किंग है लेकिन काजोल मैम जिस अंदाज में बोल रही है वह सबसे बेस्ट हैं। कई यूजर्स इन दोनों को पावर कपल बता रहे हैं। काजोल और अजय देवगन की फिल्मों की बात करें तो अजय देवगन तब्बू के साथ एक बार फिर से फिल्म भोला और दृश्यम 2 में स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए नजर आएंगे। तो वहीं काजोल जल्द ही डिजनी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज 'द गुड वाइफ' वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसमें वह एक वकील की भूमिका निभाएंगी।

एक्ट्रेस ने फिल्म केदारनाथ के पलों को किया ताजा, शेयर की यह फोटो

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पॉपुलर एक्ट्रेस सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से अपने करियर की शुरुआत की थी। पहली ही फिल्म से उन्होंने अपनी सुखिर्यां बटोरीं। फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के

साथ उनकी जोड़ी के साथ-साथ उनकी अदायगी और लुक को भी पसंद किया गया। इस फिल्म में सारा ने मुक्कू नाम का किरदार प्ले किया था, जो स्वभाव से चंचल और विद्रोही है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस का स्वाद चखा और इसके बाद से मिस खान के पास बड़े बजट की फिल्मों की लाइन लग गई। जिस फिल्म ने उन्हें ऊंचाइयों पर पहुंचाने की शुरुआत की, भला वह उनके लिए स्पेशल कैसे नहीं हो सकती। ऐसे में पुरानी यादों को ताजा करते हुए सारा ने फिल्म में पहने अपने कपड़ों को रिपीट करते हुए प्यारी सी फोटो शेयर की है। सारा अली खान ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की है। इसमें वह कह रही है, 'एक बार फिर केदारनाथ के कपड़ों को पहनने के बारे में सोचा। कभी-कभी दोहराना राहत के सबसे करीब होता है।' इस तस्वीर में सारा बैंगनी रंग के सलवार-सूट, माथे पर बिंदी, कानों में झुमके, हाथों में चूड़ियां और चेहरे पर स्वीट सी मुस्कान लिए हुई है। सारा को मुक्कू के किरदार वाले कपडों में देखना उनके फैंस के लिए भी राहत भरी बात है। वह उनकी पोस्ट को पसंद कर रहे हैं। कोई उन्हें गॉजिय्स, तो कोई खूबसूरत बता रहा है। सारा अली खान ने हाल ही में अपनी दादी शर्मिला टैगोर की बायोपिक में काम करने को लेकर अपने विचार रखे थे। बात उनके वर्क फ्रंट की करें, तो वह जल्द ही विक्की कौशल के साथ लक्ष्मण उटेकर की 'परियोजना' में विक्रांत मैसी के साथ 'गैसलाइट' में नजर आएंगी।यह पहली बार होगा जब सारा और विक्रांत एक साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे।

सीता रामम स्टार दुलकर सलमान ने बॉयकॉट ट्रेंड पर तोड़ी चुप्पी, इस चीज को मानते हैं सबसे बड़ा दोषी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सीता रामम एक्टर दुलकर सलमान कारवां और जोया फैक्टर के बाद अब एक बार फिर से बॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। वह सनी देओल के साथ क्राइम थ्रिलर फिल्म 'चुप' में काम कर रहे हैं। हालांकि बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से जो भी फिल्में रिलीज हो रही है उन पर बॉयकॉट ट्रेंड का असर देखने को मिल रहा है। अब हाल ही में सीता रामम



से सबके दिलों में खास जगह बनाने वाले एक्टर दुलकर सलमान ने सोशल मीडिया और बॉयकॉट ट्रेंड पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है और साथ ही बताया कि बॉलीवुड बॉयकॉट ट्रेंड को बढ़ावा देने का सबसे बड़ा दोषी कौन है। अंग्रेजी वेबसाइट डीएनए में छपी जानकारी के मुताबिक दुलकर सलमान ने एक मीडिया चैनल से बॉलीवुड के खिलाफ सोशल मीडिया पर चल रहे इस ट्रेंड के बारे में खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा, 'ये बॉयकॉट का कल्चर सिर्फ सोशल मीडिया की वजह से बढ़ रहा है, क्योंकि यहां कोई कुछ भी लिख सकता है। इसी चीज का फायदा उठाकर गैर जिम्मेदार लोग यहां कोई भी एजेंडा बना रहे हैं। साउथ सिनेमा में ये कैंसिल कल्चर नहीं चलता, ये मैं पहली बार हिंदी फिल्म सिनेमा में देख रहा हूं'। आपको बता दें कि ब्रह्मास्त्र से लेकर लाल सिंह चड्ढा और रक्षाबंधन तक कई बड़ी फिल्मों को लेकर बॉयकॉट ट्रेंड चला था। दुलकर सलमान और सनी देओल पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक लम्बे अरसे बाद सनी देओल पुलिस ऑफिसर बनकर एक सनकी किलर की तालाश करेंगे। लेकिन फिल्म में दुलकर सलमान का किरदार किस तरह का होगा इस चीज का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। 'चुप' के ट्रेलर को 5 सितंबर को रिलीज किया गया था और अब तक इस फिल्म के ट्रेलर को 1 करोड़ 31 लाख से अधिक लोग लाइक कर चुके हैं।

आर्यन खान क्यों हो रहे ट्विटर पर ट्रेंड शाहरुख के लाडले को फैंस दे रहे गुलाब

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। आर्यन खान की पिता शाहरुख की तरह बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। वह अपनी तस्वीरों को लेकर अक्सर ही चर्चाओं में रहते है। आर्यन को शाहरुख की फोटोकॉपी कहा जाता है मगर, न सिर्फ आर्यन, शाहरुख की तरह दिखते है बल्कि उनका अंदाज भी हुबहू किंग खान जैसा ही है। इसकी एक बानगी मुंबई एयरपोर्ट से वायरल हो रहे वीडियो में देखने को मिली। जिस स्टाइल में आर्यन वॉक कर रहे है और जिस तरह से वह सलाम कर रहे है, वह फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, आर्यन खान का मुंबई एयरपोर्ट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उन्हें गुलाब दे रहा है। आर्यन न सिर्फ उस रोज को स्वीकार

कर रहे है, बल्कि दूसरे फैन को सलाम भी कर रहे है। जिस तरह से आर्यन ने सलाम किया है, वह फैंस को शाहरुख की याद दिला रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'जिस तरह से आर्यन ने बिलकुल शाहरुख की तरह सलाम किया।' वहीं, दूसरे ने उन्हें एकदम शाहरुख की कॉपी बताया। कुछ उन्हें गबरू जवान भी बुला रहे है। गौरतलब है कि पिछले साल ड्रग केस में आर्यन खान का नाम सामने आया था। इस इंसिडेंट से शाहरुख और गौरी की काफी फजीहत हुई थी। ट्रोल्स आए दिन आर्यन खान को लेकर कोई न कोई कमेंट करते रहते। हालांकि, अब वह केस में क्लीन चिट कर दिए गए है और अधिकतर समय परिवार के साथ बिताते हैं। कुछ दिन पहले आर्यन ने सुहाना और अबराम के साथ फोटो शेयर की थी। वह भी काफी चर्चा में रही।

सोहा अली खान का खुलासा- एक्टिंग नहीं इस प्रोफेशन में बनाना चाहती थीं करियर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सैफ अली खान की बहन सोहा अली खान अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी चूजी हैं। इसीलिए, वो चुनिंदा फिल्मों या



सीरीज में ही नजर आती हैं। सोहा अब प्राइम वीडियो की वेब सीरीज हश हश में एक अहम किरदार निभाती दिखेंगी। सीरीज की रिलीज से पहले सोहा ने अपने पसंदीदा करियर के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि असल जिंदगी में वो वकील या पत्रकार बनना चाहती थीं। तनुजा चंद्रा निर्देशित वेब सीरीज हश हश में जूही चावला, कृतिका कामरा, शहाना गोस्वामी, करिश्मा तनन, आयशा जुल्का भी प्रमुख किरदारों में नजर आएंगी। यह एक मर्डर-थ्रिलर सीरीज है, मगर महिलाओं के नजरिए से बनायी गयी है। प्रमुख पात्रों के साथ सीरीज के सभी क्रू मेंबर्स महिलाएं ही थीं। सीरीज में सोहा का किरदार एक पूर्व पत्रकार साइबा त्यागी का है। साइबा के दो बच्चे हैं और वो अपने परिवार के लिए समर्पित है, मगर जब उसका परिवार एक मुश्किल में फंसता है तो उसे दोबारा अपने प्रोफेशन की ओर लौटना पड़ता है। इस काम में उसकी सबसे बड़ी रुकावट इंस्पेक्टर गीता तेहलान है। इस किरदार को करिश्मा तनन निभा रही हैं, जो एक हत्या की गुत्थी सुलझा रही है। अपने किरदार साइबा को लेकर सोहा ने कहा- मैं असल जिंदगी में वकील या पत्रकार बनना चाहती थी, क्योंकि मुझे पढ़ने-लिखने और इनवेस्टिगेशन करने का बहुत शौक था, इसलिए यह किरदार निभाना मेरे लिए काफी रोमांचक अनुभव रहा। मैं अपने पिता के ऑफिस में जाकर नोट्स लिखती थी। हश हश में मुझे एक तरह से अपना पसंदीदा काम करने का मौका मिला है। वैसे, पर्दे पर पत्रकार बनना सोहा के लिए नया अनुभव नहीं है। 2008 में आयी मुंबई मेरी जान में सोहा ने एक कामयाब टीवी पत्रकार का किरदार निभाया था। सोहा इससे पहले कौन बनेगी शिखरवती वेब सीरीज में नजर आयी थीं, जो जी5 पर स्ट्रीम हुई थी। इस कॉमेडी ड्रामा में उन्होंने एक प्रिंसेस का किरदार निभाया था। नसीरूद्दीन शाह, रघुवीर यादव, लारा दत्ता, कृतिका कामरा और अन्या सिंह उनकी बहनों के किरदार में थीं। सोहा बड़े पर्दे पर आखिरी बार 2018 की फिल्म साहब बीवी और गैंगस्टर 3 में नजर आयी थीं। हश हश 22 सितम्बर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

सुहाना खान के साथ स्विमिंग पूल में चिल करती नजर आई शनाया कपूर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सुहाना खान और शनाया कपूर की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं हैत् इसमें दोनों को स्विमिंग पूल में बिकिनी पहन एक साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता हैत् वहीं दोनों के फोन स्विमिंग पूल के किनारे रखे हुए हैं। इस अवसर पर दोनों ने ब्लैक कलर की बिकिनी पहन रखी है शनाया कपूर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'सुहाना खान के साथ गहरी बातचीत, आइस कॉफी परत इसके अलावा उन्होंने इसे महीप कपूर को टैग किया है। महीप कपूर गौरी खान की दोस्त है। वहीं वह शनाया कपूर की मां भी है। गौरतलब है कि चारों इस समय दुबई में है और वेकेशन मना रहे हैं सुहाना खान और शनाया कपूर बचपन के दोस्त हैत् दोनों जल्द फिल्मों में नजर आने वाली हैत् सुहाना खान जहां द आर्चीज फिल्म में नजर आएंगी। वहीं शनाया कपूर बेधड़क फिल्म में नजर आएंगी। दोनों अपनी फिल्मी डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित है। शनाया कपूर, सुहाना खान और अनन्या पांडे बचपन की दोस्त हैत् तीनों को अक्सर साथ पार्टी करते हुए देखा जाता है। इसके पहले शनाया कपूर ने लेटेस्ट फोटोज शेयर की थी। इसे सुहाना खान ने खिंची थी। इसमें शनाया कपूर काफी हॉट लग रहीं थी शनाया कपूर इन दिनों डांस भी सीख रही हैत् वह अक्सर अपनी डांस से जुड़ी वीडियोस भी शेयर करती हैत् सुहाना खान हाल ही में फिल्म मेकिंग की पढ़ाई पूरी करके भारत वापस आई है। वह भी अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती है और अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।